दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 12
कोटद्वार रविवार
30 अप्रैल 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## धाम से तीर्थयात्रियों को लेकर जा रहे हेलीकॉप्टर की हुई इमरजेंसी लैंडिंग

**जोशीमठ (चमोली)।** बदरीनाथ धाम से तीर्थयात्रियों को लेकर फाटा जा रहे आर्यन कंपनी के हेलीकॉप्टर को मौसम खराब होने के कारण जोशीमठ में जेपी कंपनी के हेलीपैड पर आकस्मिक लैंडिंग करनी पड़ी। हेलीकॉप्टर में पांच तीर्थयात्री मौजूद थे।



हेली कंपनी की ओर से तीर्थयात्रियों को जोशीमठ के होटलों में ठहराया गया है। रविवार को मौसम सामान्य होने के बाद तीर्थयात्रियों को फाटा छोड़ा जाएगा। दूसरी तरफ बदरीनाथ धाम में शनिवार को दोपहर में करीब दो बजे नीलकंठ पर्वत की तलहटी में अचानक हिमस्खलन की घटना सामने आई है। हिमस्खलन ऋषि गंगा में हुआ है। इन दिनों बदरीनाथ धाम की चोटियां बर्फ से लकदक हैं। दूसरी तरफ यमुनोत्री धाम सहित यमुना घाटी में तेज आंधी तूफान और गर्जना के साथ रुक रुककर बारिश हो रही है।

### मौसम ने बढ़ाई मुश्किल

पेट्रोलियम मंत्रालय का आंकलन है कि वित्त वर्ष 2023-24 के अंतिम छह महीनों में क्रूड की कीमतें ज्यादा अस्थिर रह सकती हैं। ऐसे में कीमत घटाने को लेकर फैसला राजनीतिक स्तर पर ही होगा। चुनावों के आसपास कई बार पेट्रोलियम उत्पादों की मूल्य में कटौती देखी गई है।

## मुख्तार के बाद अफजाल अंसारी भी दोषी करार, 4 साल की सजा

**गाजीपुर , एजेंसी।** माफिया मुख्तार अंसारी पर गैंगस्टर मामले में गाजीपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट का फैसला आ गया। कोर्ट ने मुख्तार अंसारी को दोषी करार देते हुए दस साल की सजा सुनाई है। साथ ही पांच लाख का जुर्माना भी लगाया गया है। साथ ही कोर्ट ने सांसद अफजाल अंसारी को भी दोषी करार किया है। कोर्ट ने अफजाल अंसारी को चार साल की सजा सुनाई है साथ ही एक लाख का जुर्माना भी लगाया गया है। दो साल से ज्यादा की सजा होने के कारण अफजाल अंसारी की संसद सदस्यता भी खत्म हो गई।

बता दें कि शनिवार सुबह से ही गाजीपुर के एसपी कार्यालय के बाहर न्यायालय जाने वाले मार्ग को बैरिकेडिंग कर आवागमन रोक दिया गया था। पीएसी और पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई थी। वहीं, न्यायालय में फैसला आने को लेकर गाजीपुर सांसद अफजाल अंसारी सुबह 10.45 बजे कोर्ट में पहुंच गए थे। मुख्तार अंसारी बांदा जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े।

एमपी/एमएलए कोर्ट में चल रहे इस मामले में बीते 15 अप्रैल को फैसला आना था। न्यायाधीश के अवकाश में होने के चलते फैसला नहीं आ पाया था। ऐसे फैसले के लिए 29 अप्रैल को तारीख नियत की गई थी। वर्ष 2007 के इस मामले में बीते एक अप्रैल को बहस और सुनवाई पूरी कर ली गयी थी और 15 अप्रैल को फैसला होना था। अफजाल अंसारी, मुख्तार अंसारी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत एमपी/एमएलए कोर्ट में चल रहे इस केस में बीजेपी विधायक कृष्णानंद राय हत्याकांड केस गैंग चार्ट में शामिल है। जबकि नन्दकिशोर रूंगटा के अपहरण और हत्या का केस भी गैंग चार्ट में शामिल है।

29 नवंबर 2005 को गाजीपुर के भांवरकोल थाना अंतर्गत सियाड़ी गांव में भाजपा विधायक कृष्णानंद राय सहित सात लोगों पर एके-47 जैसे अत्याधुनिक असलहों से लगभग 400 राउंड से ज्यादा फायरिंग कर उनकी हत्या कर दी गई थी।

सातों लोगों का शव पोस्टमार्टम के लिए बीएचयू लाया जाने लगा तो भाजपा विधायक के समर्थक उग्र हो गए थे और जगह-जगह तोड़फोड़ व हिंसा की गई थी।



### सजा होने के बाद जेल में बेचैन नजर आया माफिया मुख्तार

**बांदा, एजेंसी** । गैंगस्टर एक्ट में न्यायालय से 10 वर्ष की सजा व पांच लाख रुपये जुर्माना होने के बाद माफिया मुख्तार अंसारी जेल में बेचैन रहा।

हालांकि, इस बीच किसी से कुछ बोला नहीं। बैरक में चहल कदमी करने के साथ बैठकर मन ही मन कुछ सोचता रहा।पूर्वांचल का माफिया मुख्तार अंसारी मंडल कारागार में सात अप्रैल 2021 से बंद है। शनिवार को उसकी गाजीपुर एमपीएमएलए कोर्ट में वीडियो कांफ्रेंसिंग से पेशी थी। इसमें सजा को लेकर सुनवाई होनी थी। सूत्रों की मानें तो पेशी को लेकर माफिया सुबह से ही बैरक में सोच-विचार में उलझा रहा।

### सेना की तोपखाना रेजिमेंट में पहली बार हुई पांच महिला अधिकारियों की तैनाती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय सेना ने पहली बार अपनी तोपखाना रेजीमेंट में पांच महिला अधिकारियों को शामिल किया है। तोपखाना रेजीमेंट में शामिल होने वाली महिला अधिकारियों ने शनिवार को चेन्नई में ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी में अपना प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया। सैन्य सूत्रों ने बताया कि तोपखाना रेजीमेंट में लेफ्टिनेंट महक सैनी, लेफ्टिनेंट साक्षी दुबे, लेफ्टिनेंट अदिति यादव और लेफ्टिनेंट पायस मुद्गिल समेत पांच महिला अधिकारियों को शामिल किया गया है।सूत्रों ने बताया कि पांच महिला अधिकारियों में से तीन को चीन के साथ लगती सीमाओं पर तैनात टुकडियों में नियुक्त किया गया तथा दो अन्य महिला अधिकारियों को पाकिस्तान के साथ अग्रिम सीमा के समीप 'चुनौतीपूर्ण स्थानोंइ पर तैनात किया गया है। एक सूत्र ने बताया कि तोपखाना रेजीमेंट में महिला अधिकारियों की तैनाती भारतीय सेना में चल रहे परिवर्तन का प्रमाण है। जनवरी में सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने तोपखाना इकाइयों में महिला अधिकारियों को शामिल करने की घोषणा की थी। बाद में सरकार ने भी इस प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी थी।

### महाराष्ट्र में बड़ा हादसा : भिवंडी में भरभराकर गिरी इमारत, मलबे में 20 लोग दबे, रेस्क्यू जारी

**भिवंडी , एजेंसी।** महाराष्ट्र में ठाणे जिले के भिवंडी में इमारत गिरने से 15 से 20 लोग मलबे में दब गए है। कुछ स्थानीय लोगों के मुताबिक मलबे में 40 से 50 लोगों के दबे होने की बात कही जा रही है। स्थानीय लोगों ने दमकल और डिजास्टर को फोन कर जो सूचना दी है। अब तक मिली जानकारियों के मुताबिक यह ग्राउंड प्लस टू यानी तीन मंजिली इमारत थी। भिवंडी के वलपाडा इलाके में करीब 12 बजे यह हादसा हुआ।

घटनास्थल पर डिजास्टर मैनेजमेंट और हृष्टक्र्रन्न और पुलिस कि टीम पहुंच चुकी है और रेस्क्यू जारी है। फायर ब्रिगेड की टीम पहुंच चुकी है। इमारत का नाम वर्द्धमान बिल्डिंग था। इस इमारत के नीचे गोदाम है और ऊपर रेसिडेंस थे।

### भाजपा की सरकार आने पर विकास कार्यों को मिलेगी गति : जेपी नड्डा

**बेंगलुरु , (एजेंसी)।** कर्नाटक चुनाव को लेकर भाजपा जबरदस्त प्रचार कर रही है। पार्टी के तमाम बड़े नेता लगातार राज्य में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी आज कर्नाटक के धारवाड़ ज़िले के कलाघटगी में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधा। अपने बयान में नड्डा ने कहा कि हमारी सरकार सामान्य मानवी के विकास के लिए काम कर रही है। नरेंद्र मोदी ने किसान सम्मान निधि में आपको पैसा भेजा लेकिन कुमारस्वामी ने सीएम रहते केवल 17 किसानों का नाम भेजा था। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कर्नाटक में जब सिद्दारमैया सरकार थी तब इन्होने आवास योजना पर ब्रेक लगा दी थी और जब हमारी सरकार आई तो लाखों गरीबों को आवास मिला।भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि येदियुरप्पा जी ने 170 केस बनाए और 1,700 एफआईआर कर लोगों को जेल में डाला। उन्होंने कहा कि जब सिद्धारमैया की सरकार आई तो ये केस वापस लिए और इन 1,700 लोगों को बाहर निकाल दिया।

फिर नरेंद्र मोदी ने ठोस आधार पर पीएफआई को बैन किया और फिर से केस लगाकर इनको जेल में डाल दिया।

## पीएम की मन की बात सुनने को आज संडे को भी खुलेंगे स्कूल

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 100 वें संस्करण को सुनने के लिए सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को रविवार की छुट्टी के बावजूद स्कूल जाना होगा। शिक्षा विभाग ने रविवार की छुट्टी कैंसिल करते हुए सभी छात्रों और शिक्षकों को स्कूल आने का फरमान जारी किया है।

डीजी-शिक्षा बंशीधर तिवारी के अनुसार मन की बात कार्यक्रम के जरिए पीएम बच्चों, अभिभावकों, शिक्षकों और स्कूलों के लिए अहम मार्गनिर्देशन दिया जाता है। यह कार्यक्रम खासकर बच्चों के लिए महत्वपूर्ण है। इसलिए कल 30अप्रैल को भी स्कूल संचालित करने का निर्णय किया गया है।

सूत्रों के अनुसार शनिवार दोपहर डीजी ने इस बाबत आदेश जारी किया। स्कूलों के निर्देश दिए गए हैं कि वो मन की बात कार्यक्रम के लिए टेलीविजन, एलईडी, रेडियो, वर्चुअल क्लास, स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर, लैपटॉप आदि का पूरा इंतजाम कर लें। यदि इनका इंतजाम नहीं हो पात तो मोबाइल के जरिए भी मन की बात कार्यक्रम से छात्र-छात्राओं को जोड़ा जा सकता है। कार्यक्रम का प्रसारण रविवार को सुबह 11 बजे ऑल इंडिया रेडियो, डीडी नेशनल, डीडी न्यूज आदि के माध्यम से प्रसारण होगा। विभाग के इस फैसले से शिक्षक हैरान हैं। उनका कहना है कि मन की बात कार्यक्रम को सभी लोग रुचिपूर्वक सुनते हैं। छात्र भी सुनते हैं, लेकिन स्कूल बुलाकर सुनाने का फरमान थोपने जैसा हो गया है।

मन की बात सुनी, इसका सुबूत भी देना होगा

शिक्षकों को अपने अपने स्कूलों में छात्रों को मन की बात कार्यक्रम सुनाने का सुबूत भी देना होगा। कार्यक्रम खत्म होने के बाद एक तय फार्मेट पर जानकारी देनी होगी। इसमें बताना होगा कि टेलीविजन, एलईडी, रेडियो आदि विभिन्न माध्यमों से कितने छात्रों ने कार्यक्रम देखा और सुना। कार्यक्रम सुनते वक्त का फोटो भी खींचकर विभाग को भेजना होगा।

### पीएम की 'मन की बात' के 100वें संस्करण पर प्रदेश में होगा भव्य आयोजन

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का कल(रविवार) को 100 वां संस्करण प्रसारित होने जा रहा है। ऐसे में राज्य में भी अधिकाधिक लोग पीएम की मन की बात सुन सकें इसके लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी विद्यालयों, ग्राम सभाओं, डिग्री कॉलेज, पॉलिटेक्निक, आईटीआई में कार्यक्रम को सुनने की व्यवस्था को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गये 'मन की बात' का कल 100 वां संस्करण प्रातः 11 बजे प्रसारित होगा। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उन लोगों का विशेष उल्लेख करते हैं जो कि समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे तमाम लोग देश के कोने-कोने में हैं और अपने कार्यों से अलग पहचान बनाते हुए समाज को दिशा देने का काम भी कर रहे हैं। ऐसे लोगों के बारे में जानकारी और उनके कार्यों के बारे में जानकारी इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री द्वारा दी जाती है। इसके अलावा छात्रों के के लिये भी यह जानकारी बहुत उपयोगी होती है ।

### गुलदार ने किया महिला पर हमला

**नई टिहरी।** प्रतापनगर विधानसभा के ग्राम बौसाड़ी निवासी एक महिला पर गुलदार ने शनिवार सुबह करीब 11 बजे हमला कर घायल कर दिया। महिला को उपचार हेतु सीएचसी चौंड में भर्ती किया गया है, उपचार के बाद महिला की हालत सामान्य है। प्रतापनगर के बौसाड़ी गांव की मुन्नी देवी (62) पत्नी धनपाल सिंह शनिवार सुबह करीब 11 बजे अपने पुराने घर से करीब आधा किमी. दूर लंबगांव सड़क मार्ग पर बन रहे अपने नए मकान की देखदेख के लिये जा रही थी, इसी दौरान गुलदार ने ऊर्जा निगम के मछेंड़ी पावर हाउस के पास महिला पर अचानक हमला कर दिया, महिला के चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोगों ने भी शोर मचाया,जिसके बाद गुलदार को भाग गया। परिजन और ग्रामीण घायल महिला को उपचार के लिये सीएचसी चौड़ लंबगांव ले गये। वन क्षेत्राधिकारी मुकेश रतूड़ी ने बताया कि गुलदार ने महिला के सिर पर नाखूनों से हमला किया है।

## देश का पहला केबल आधारित रेल ब्रिज तैयार होने पर पीएम ने की प्रशंसा, कहा- एक्सीलेंट!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू और कश्मीर में भारत के पहले केबल आधारित रेल पुल के पूरा होने की प्रशंसा की। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के ट्वीट कर अंजी खड पुल के पूरा होने की जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि पुल 11 महीने में बनकर तैयार हुआ है और पुल में इस्तेमाल होने वाले केबल की कुल लंबाई 653 किलोमीटर है।

रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने इसका ट्विटर पर वीडियो शेयर कर शानदार नजारा दिखाया है। इस पुल की लंबाई 725 मीटर है और यह नदी के तल से करीब 331 मीटर ऊपर है। यह पुल इसलिए बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके बन जाने से कश्मीर घाटी को बाकी देश से जोड़ना अब बहुत आसान हो गया।

अंजी खड पुल उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक परियोजना के सबसे महत्वपूर्ण भागों में शामिल हैं। यह एक तरफ सुरंग टी-2 (कटड़ा छोर) और दूसरी तरफ सुरंग टी-3 (रियासी छोर) को जोड़ता है। यह चेनाब की सहायक नदी अंजी के ऊपर बनाया गया है। इससे पहले गुरुवार को केंद्रीय रेल और कपड़ा राज्य मंत्री दर्शना जरदोश ने पुल का दौरा किया और परियोजना से जुड़े सभी लोगों की प्रशंसा की।

## नर्सिंग अधिकारियों ने सीधी भर्ती पर मांगा 5400 ग्रेड पे

देहरादून। उत्तराखंड नर्सेज सर्विसेज एसोसिएशन ने स्वास्थ्य विभाग में नर्सिंग अधिकारियों के सीधी भर्ती के पदों का ग्रेड वेतनमान 5400 करने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने आईपीएचएस मानकों के तहत निचले स्तर पर बढ़ाए गए पदों के सापेक्ष ऊपरी स्तर के पद भी बढ़ाने का अनुरोध किया है। उत्तराखंड नर्सेज सर्विसेज एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल शनिवार को स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ विनीता शाह से मिला। इस दौरान नर्सेज एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष मीनाक्षी जखमोला के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने कहा कि विभाग में सीधी भर्ती के नर्सिंग अधिकारी के पदों का ग्रेड वेतनमान 5400 किया जाए। उन्होंने कहा कि केंद्र के समान राज्य में भी नर्सेज को प्रतिमाह 7200 रुपये नर्सिंग भत्ता जबकि 1800 रुपये वर्दी भत्ता दिया जाए। उन्होंने चिकित्सा शिक्षा विभाग से स्वास्थ्य विभाग में भेजे गए नर्सिंग अधिकारियों को जल्द तैनाती देने और वेतन भुगतान करने, यात्रा ड्यूटी करने वाले नर्सेज अधिकारियों को सुरक्षा प्रदान करने, संवर्ग के तहत उच्च स्तर के पदों को बढ़ाने, चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग में नर्सिंग संवर्ग का एकीकरण की मांग की है।

## राहुल गांधी की याचिका पर गुजरात हाई कोर्ट 2 मई को करेगा सुनवाई

**अहमदाबाद, एजेंसी।** सूरत सेशन कोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली कांग्रेस नेता राहुल गांधी की याचिका पर शनिवार को गुजरात हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। गुजरात हाईकोर्ट ने अंतिम सुनवाई और फैसले के लिए 2 मई की तारीख निर्धारित की है।

इस मामले पर न्यायमूर्ति हेमंत एम प्रच्छक सुनवाई कर रहे हैं। इससे पहले हाईकोर्ट की एक जज गीता गोपी ने 26 अप्रैल को केस से अलग हो गई थीं। मानहानि मामले में दोषसिद्धि पर रोक लगाने की विपक्षी नेता राहुल गांधी की याचिका पर हअंतिम सुनवाई 2 मई को की जाएगी।

बता दें कि सूरत कोर्ट ने 'मोदी उपनाम' को लेकर आपराधिक मानहानि मामले में उन्हें जमानत देते हुए 20 अप्रैल को सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था।



उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति हेमंत प्रच्छक ने सेशन कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार किया। यदि उच्च न्यायालय उनकी याचिका को स्वीकार करता है, तो इससे संसद सदस्य के रूप में राहुल गांधी की बहाली का रास्ता साफ हो सकता है।

दरअसल, राहुल गांधी ने सूरत के सेशन कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए राहुल गांधी की तरफ से मंगलवार को याचिका दायर की गई थी। इसके बाद फिर राहुल गांधी की वकील ने जज गीता गोपी द्वारा खुद को अलग करने की जानकारी दी गई थी। उनकी वकील चंपानेरी ने कहा था कि अदालत की तरफ से मामले को बुधवार को सुनने की अनमति दी गई थी। फिर सुनवाई के लिए मामला आया तो उन्होंने खुद को इससे अलग कर लिया।सूरत में मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत ने 23 मार्च को पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष को भारतीय दंड संहिता (क्चढ्ढ) की धारा 499 और 500 (आपराधिक मानहानि) के तहत बीजेपी विधायक पूर्णेश मोदी द्वारा दायर 2019 के एक मामले में दोषी ठहराते हुए दो साल की जेल की सजा सुनाई थी।

### चारधाम यात्रा 2023 : श्रद्धालुओं के लिए मौसम बड़ी चुनौती, शाम को माइनस 3 डिग्री तक पहुंच रहा तापमान

**रुद्रप्रयाग ,( एजेंसी)।** उत्तराखंड में एक ओर मौसम की मनमर्जियां जारी हैं। तो दूसरी ओर चारधाम यात्रा पर आए श्रद्धालुओं के लिए मौसम बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। धाम में लगातार बर्फबारी हो रही है। बर्फबारी की वजह से धाम में शाम को तापमान माइनस तीन डिग्री तक पहुंच जा रहा है। जिस कारण पैदल मार्ग और धाम में श्रद्धालुओं को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने भी आगामी तीन मई तक चारधाम में बर्फबारी की चेतावनी जारी की है। रुद्रप्रयाग पुलिस-प्रशासन ने भी लोगों से अपील है कि वो मौसम का मिजाज देखकर ही आगे बढ़ें। बाबा केदार के दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं से सरकार ने निवेदन किया है कि वो एक मई के बाद का ही अपना रजिस्ट्रेशन कराएं। क्योंकि एक मई के लिए करीब 30 हजार लोगों ने बाबा केदार के दर्शन करने के लिए अपना रजिस्ट्रेशन कराया है।

बर्फबारी के बाद केदारनाथ धाम में लगातार तापमान में गिरावट देखी जा रही है, जिससे यहां पर ठंड काफी बढ़ गई है, जिसका असर बुजुर्ग तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है।

## क्या पेट्रोल-डीजल की कीमतें होंगी कम? चुनाव से पहले चल रहा मंथन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्नाटक के विधानसभा चुनाव से पहले पेट्रोल और डीजल के खुदरा मूल्य में कमी हो सकती है। इसकी अंतिम घोषणा तो सरकारी तेल कंपनियां ही करेंगी, लेकिन सरकार के भीतर इस बारे में मंथन चल रहा है। मंथन के पीछे ठोस वजह भी है।

अप्रैल माह के पहले 27 दिनों के दौरान भारत ने अंतराष्ट्रीय बाजार से औसतन 83.96 डालर प्रति बैरल की दर से कच्चे तेल की खरीद की है। 27 अप्रैल, 2023 को भारतीय बास्केट में क्रूड की कीमत 78.45 डालर प्रति रही है।

सरकारी तेल कंपनियां पिछले चार महीनों से पेट्रोल की बिक्री पर मुनाफा कमा रही हैं। बीते दो महीनों से उन्हें डीजल बिक्री पर भी लाभ होने लगा है। हालांकि, क्रूड बाजार में अभी भी अनिश्चितता का माहौल है।

पेट्रोलियम मंत्रालय का आंकलन है कि वित्त वर्ष 2023-24 के अंतिम छह महीनों में क्रूड की कीमतें ज्यादा अस्थिर रह सकती हैं। ऐसे में कीमत घटाने को लेकर फैसला राजनीतिक स्तर पर ही होगा। नियमों के मुताबिक, पेट्रोल व डीजल की खुदरा कीमत तय करने का अधिकार सरकारी तेल कंपनियों को दिया जा चुका है, लेकिन कई बार यह देखा गया है कि चुनावों के आसपास इस बारे में फैसला राजनीतिक तौर पर होता रहा है। पिछले वर्ष उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड के विधानसभा चुनाव से पहले तेल कंपनियों ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड महंगा होने के बावजूद घरेलू खुदरा कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया। 07 मार्च, 2022 को चुनाव खत्म हुए और 22 मार्च से 06 अप्रैल, 2022 तक लगातार कीमतें बढ़ाई गई। इस दौरान पेट्रोल व डीजल में 10-10 रुपये की वृद्धि हुई। उसके बाद से तेल कंपनियों ने खुदरा कीमतों मे कोई बदलाव नहीं किया, जबकि इस दौरान क्रूड एक समय (जून, 2022) में 116 डालर प्रति बैरल तक की दर से खरीदा। पिछले कई महीनों से क्रूड 90 डालर प्रति बैरल से नीचे रहा, तब भी कीमतें उसी स्तर पर हैं।



तेल कंपनियों के सूत्रों का कहना है कि पिछले वर्ष उन्होंने कई महीने पेट्रोल व डीजल की घाटे पर बिक्री की थी। एक समय प्रति लीटर पेट्रोल की बिक्री पर 10 रुपये और डीजल की बिक्री पर 25 रुपये प्रति लीटर तक का घाटा हो रहा था। एक तरफ जहां यूक्रेन युद्ध की वजह से कई देशों मे पेट्रोलियम उत्पादों की किल्लत थी और उनकी कीमतें बेतहाशा बढ़ रही थी फिर भी भारत में आपूर्ति में न तो कोई समस्या थी और न ही कीमतों को लेकर जनता पर कोई बोझ डाला गया। इसका नतीजा यह हुआ कि तेल कंपनियों को वित्त वर्ष 2022-23 के पहले नौ महीनों मे संयुक्त तौर पर 21 हजार करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। इसकी भरपाई परोक्ष तौर पर केंद्र सरकार ने अक्टूबर, 2022 में 22 हजार करोड़ रुपये की सब्सिडी देकर की है।

# पलायन से प्रभावित गांवों के लिए कार्य योजना के प्रस्ताव 5 मई तक दें : सीडीओ



जयन्त प्रतिनिधि।रूद्रप्रयाग : मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित रेखीय विभागीय अधिकारियों को पलायन से प्रभावित गांवों में राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के लिए वर्ष 2022-23, 23-24 व 2024-25 के लिए बनाई जाने वाली कार्य योजना के प्रस्ताव 5 मई तक जिला विकास कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने आजीविका वृद्धि, स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। इसके साथ ही मनरेगा से किए जाने वाले कंवर्जन के कार्य भी प्रस्ताव में शामिल किए जाएं।मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में रेखीय विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पलायन प्रभावित गांवों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने के लिए जो भी कार्य योजनाएं बनाई जानी हैं उसके लिए सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ बेहतर ढंग से कार्य योजना तैयार करें। उन्होंने लखपति दीदी योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु सभी अधिकारियों को अधिक से अधिक महिलाओं को लाभान्वित करने के लिए जागरुक करने को कहा। बैठक में जिला विकास अधिकारी मनविंदर कौर, अधिशासी अभियंता सिंचाई पीएस बिष्ट, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष रावत, उद्यान अधिकारी योगेंद्र सिंह चैधरी, कृषि अधिकारी लोकेंद्र सिंह बिष्ट, जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्र, खंड विकास अधिकारी जखोली सूर्य प्रकाश शाह, ऊखीमठ दिनेश मैठाणी, अगस्त्यमुनि प्रवीन भट्ट, मत्स्य निरीक्षक संजय बुटोला, परियोजना प्रबंधक रीफ सहित उद्योग, डेयरी, सहकारिता लघु सिंचाई आदि विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लाईसेंस और रेट लिस्ट चस्पा करने को कहा

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : खाद्य आयुक्त एवं जिलाधिकारी हिमांशु खुराना के निर्देशों के क्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा चमोली में स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों होटलों, ढाबों एवं रेस्टोरेंटों का सघन निरीक्षण किया गया। जानकारी देते हुए जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि प्रतिष्ठानों में खाद्य लाइसेन्स चस्पा करने, रेट लिस्ट लगाने, फूड सेफ्टी हेल्पलाइन नं0 प्रदर्शित करने, सफाई व्यवस्था दुरस्थ रखने एवं कर्मचारियों का मेडिकल कराने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि समय-समय पर खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जाएगा एव नियमों-निर्देशों का उल्लंघन पाए जाने पर उचित विधिक कार्यवाही की जाएगी। बताया कि उपभोगताओं एवं यात्रियों की सुविधा हेतु खाद्य प्रशासन देहरादून ने टोल फ्री नं0 18001804246 जारी किया गया है। जिस पर उपभोक्ता खाद्य पदार्थों से संबंधित शिकायत दर्ज करा सकते हैं।



## सीएम धामी से मिलने पहुंचे नन्हे मुन्ने बच्चे

देहरादून। सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार को मुक्तेश्वर पहुंचे, जहां वह कुमाऊँमंडल विकास निगम मुक्तेश्वर में पहुंचे थे कि केंद्रीय विद्यालय मुक्तेश्वर के तीन नन्हे मुन्ने बच्चे मुख्यमंत्री से आकर मिले। अपने बीच मुख्यमंत्री को देख बच्चे काफी उत्साहित थे, केंद्रीय विद्यालय में कक्षा छठी की छात्रा करुणा और कक्षा तीसरी की छात्रा रुचि और कक्षा एक के छात्र शैलेश पांडे ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की। इस दौरान सीएम धामी भी बच्चों को देख काफी प्रफुल्लित हुए उन्होंने नन्हे–मुन्ने बच्चों से बातचीत की और उनका हालचाल जाना और उनकी पढ़ाई के बारे में भी पूछा। इस दौरान बच्चे सीएम से मिलकर काफी खुश नजर आए उन्होंने सीएम धामी का ऑटोग्राफ भी लिया।

# नगर निगम चुनाव को लेकर कांग्रेस ने कसी कमर

देहरादून। नगर निगम चुनाव के लिए कांग्रेस तैयारियों में जुट गई है। महानगर कांग्रेस की ओर से नगर निगम चुनाव के दृष्टिगत संगठनात्मक तैयारी हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक दो मई को आयोजित की जा रही है। इस संबंध में शनिवार को महानगर कार्यालय में बैठक हुई। महानगर अध्यक्ष डॉ. जसविन्दर सिंह गोगी ने बताया कि प्रस्तावित बैठक में सभी पार्षद, पूर्व पार्षद प्रत्याशी और वार्ड के प्रमुख सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। सभी सेक्टर प्रभारियों और ब्लॉक अध्यक्षों को भी बैठक में उपस्थित रहने को कहा गया है। उपस्थित



लोगों को महानगर क्षेत्र के सभी विधानसभा प्रत्याशी, प्रदेश और महानगर के पदाधिकारी संबोधित करेंगे। बैठक का मुख्य एजेंडा संगठन की मजबूती और वार्ड समितियों का पुनर्गठन रहेगा। संगठन को और सुदृढ़ बनाना सवीच्च प्राथमिकता है।

वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए नगर निकायों के स्तर पर भी पार्टी को मजबूत करना होगा। देश आज अनेक समस्याओं से जूझ रहा है, जिससे निपटने में भाजपा सरकार अक्षम साबित हुई है। शहर में सड़कें खुदी पड़ी हैं। हर तरफ अव्यवस्था दिख रही है। इस अवसर पर अनिल नेगी, राव नसीम, एसबी थापा, अभिषेक तिवारी, देवी नेगी मोहन जोशी, विपुल नौटियाल, सतेंद्र पंवार, डॉ. अरुण रतूड़ी आदि उपस्थित थे।

## प्रतिभा दिवस के रूप में मनाया जाएगा महीने का आखिरी शनिवार

देहरादून। राजकीय प्राथमिक विद्यालय प्रबंधन समिति और अभिभावकों के बीच हुई, बैठक में हर महीने के आखिरी शनिवार को प्रतिभा दिवस के रूप में मनाने का फैसला लिया गया। शनिवार को हुई बैठक में समिति के गठन के साथ छात्रों व स्कूल से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में सबसे पहले शैक्षिक सत्र 2023–24 के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविन्द सोलंकी ने समिति के गठन, कार्य, अधिकार एवं उत्तरदायित्वों पर विस्तार से जानकारी दी। इसमें सुदेश देवी को समिति का अध्यक्ष चुना गया।

# यात्रा के मुख्य पड़ाव पर चलाया स्वच्छता अभियान

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में केदारनाथ धाम में सुलभ इंटरनेशनल व नगर पंचायत केदारनाथ के पर्यावरण मित्रों द्वारा कठिन परिस्थितियों में निरंतर सफाई व्यवस्था की जा रही है, जिससे कि आने वाले तीर्थ यात्रियों को केदारनाथ धाम में किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो।

इसके अलावा जिला पंचायत द्वारा भी यात्रा मार्ग के विभिन्न पड़ावों में साफ-सफाई व्यवस्था निरंतर की जा रही है। अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत प्रेम सिंह रावत ने बताया कि जिला पंचायत द्वारा शनिवार को यात्रा पड़ाव के मुख्य स्थान नगरासू, घोलतीर, बांसवाड़ा, गुप्तकाशी आदि क्षेत्रों



में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान पर्यावरण मित्रों द्वारा दो क्विंटल प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया गया। जिसमें एक क्विंटल गुप्तकाशी में सेवा इंटरनेशनल संस्था के कंपेक्टर में निस्तारण हेतु भेजा गया तथा शेष प्लास्टिक कूड़े के निस्तारण की कार्यवाही गतिमान है।

## संक्षिप्त समाचार

### विवि की टीम ने किया महाविद्यालय की निरीक्षण

नई टिहरी। श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विवि की टीम ने केमर पट्टी के बेलेश्वर में संचालित स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय का निरीक्षण किया। स्वामी रामतीर्थ परिसर बादशाहीथौल की पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. कुसुम डोभाल के नेतृत्व में पंहुची निरीक्षण टीम ने महाविद्यालय में बुनियादी सुविधाओं के साथ ही छात्र छात्राओं की संख्या एवं मान्यता से संबंधित अभिलेखों का निरीक्षण किया। साथ ही शैक्षिक स्टाफ के बारे में भी जानकारी ली। अभिलेखों व भवन, मैदान तथा छात्र–छात्राओं के लिए शैक्षिणिक सुविधाओं का भी गहनता से निरीक्षण के बाद संतोष व्यक्त किया। तथा महाविद्यालय को प्रति विषय 60 सीटों की स्वीकृति दी। मौके पर परिसर निदेशक जीएस रावत आदि मौजूद रहे।

### विज्ञान प्रदर्शनी में मोनाल सदन ने बाजी मारी

देहरादून। द हैरिटेज स्कूल में इंटर हाउस विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र–छात्राओं ने विज्ञान के क्षेत्र में अपने हुनर को प्रस्तुत किया। मोनाल सदन ने सर्वाधिक अंक हासिल करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। शिवालिक सदन के बच्चों ने रेन हारवेस्टिंग, कंप्यूटर्स, मैथेमैटिक्स, हिमोडायलिसिस पर अपनी प्रदर्शनी लगाई। सोलर पावर के बारे में जानकारी दी। मंदाकिनी सदन के बच्चों ने थर्मल पावर प्लांट, आईसीएस और एन्वायरमेंटल मॉनिटयरिंग पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। सागवान सदन ने वायरलैस ट्रांसमिशन ऑफ इनर्जी के मॉडल को दर्शाया। मोनाल सदन के छात्र–छात्राओं ने एफएम रेडियो ट्रांसमीटर, हाइड्रो इलेक्टिकल डैम, एसिड रैन गैस, डेटेटर पर प्रस्तुति दी। इससे पूर्व ग्राफिक ऐरा के डा. मोहित पयाल ने मुख्य अतिथि के रूप में दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन चौधरी अवधेश कुमार, निदेशक विक्रांत चौधरी, काउंसलर चारू चौधरी, प्रधानाचार्य डा. अंजू त्यागी आदि उपस्थित रहे।

# वन मंत्री सुबोध उनियाल की अध्यक्षता में जिला योजना समिति की बैठक

देहरादून। माननीय प्रभारी मंत्री जनपद देहरादून/माननीय वन मंत्री उत्तराखण्ड सरकार सुबोध उनियाल की अध्यक्षता में मंथन सभागार में जिला योजना समिति की बैठक आयोजित की गई। माननीय मंत्री ने जिला योजना की वित्तीय वर्ष 2022–23 व्यय की स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए शत् प्रतिशत् व्यय पर जिलाधिकारी एवं उनकी टीम को प्रशंसा की। समिति द्वारा वर्ष 2023–24 हेतु 9207.91 लाख धनराशि का अनुमोदन किया गया।

माननीय प्रभारी मंत्री उनियाल ने रोजगार परक योजनाओं को बढावा देते हुए कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधि से योजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए योजनाओं को प्रस्तावित करें ताकि अधिक से अधिक लोगों को स्वरोजगार को बढावा मिल सके तथा विभाग अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार–प्रसार भी करें। उन्होंने कृषि, उद्यान, मत्स्य, पशुपालन, भेषज, रेशम विकास सहित अन्य विभाग की काश्तकारों के लिए बनाई गई योजनाओं की सम्बन्धित अधिकारी से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। वहीं माननीय मंत्री ने लद्यु उद्योग विभाग द्वारा प्रस्तावित परिव्यय जिला योजना वर्ष 2022–23 के सापेक्ष कम होने पर निर्देश दिए कि प्रस्तावित परिव्यय को बढाया जाए तथा विकासखण्ड स्तर पर ग्रोथ सेन्टर स्थापित की जाए जिससे स्थानीय महिला समूहों को रोजगार प्राप्त हो तथा उनकी आर्थिकी मजबूत हो सके। सदन के सदस्यों द्वारा लोनिवि के कार्यों पर अंसतोष व्यक्त किया गया जिस पर माननीय मंत्री ने लोनिवि सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को योजनाए प्रस्तावित करने से पूर्व स्थानीय जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर योजना अन्तिम रूप देने कहा। उन्होंने कहा कि जलजीवन मिशन के प्रस्तावित कार्यों में




स्थानीय वासियों को प्राथमिकता दी जाए, चूंकि स्थानीय निवासियों को क्षेत्र की पूर्ण जानकारी होती है तथा अपने क्षेत्र में गुणवत्तापूर्व कार्य करने का भी दबाव रहता है। उन्होंने शिक्षा विभाग के परिव्यय के दौरान स्कूलों का डेटाबेस तैयार करने तथा जिन स्कूलों में भवन, निर्माण, सुविधा विकसित करने मरम्मत आदि कार्यों की आवश्यकता है को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्र प्रमुखों द्वारा स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत बजट जारी किये जाने मांग पर माननीय मंत्री ने स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत बजट का प्राविधान करने को कहा।

जिलाधिकारी सोनिका ने समस्त विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया माननीय प्रभारी मंत्री एवं माननीय विधायक, नामित समिति के सदस्यगण द्वारा दिए गए सुझावों के क्रम में योजनाएं प्रस्तावित की जाए। साथ ही निर्देशित किया कि कार्यों की गुणवत्ता तथा कार्यों के दौरान जनप्रतिनिधि के संज्ञान में लाए। समिति के सदस्यों द्वारा लोनिवि के कार्यों से असंतुष्टि व्यक्त करने के फलस्वरूप जिलाधिकारी ने लोनिवि के जिला योजना से हुए कार्यों के सत्यापन के उपरान्त ही बजट आंवटित करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देशित किया कि विभाग रोजगार परक योजनाओं को प्राथमिकता दें। उन्होंने निर्देश दिए कि विभाग योजनाओं की सरंचना तैयार करते हुए समस्त ग्राम पंचायत/ क्षेत्र पंचायत/जिला पंचायत/ नगर निगम/ नगर पालिकाओं क्षेत्रान्तर्गत आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर व्यवहारिक योजनाए बनाई जाए।

# तीर्थपुरोहितों ने दिया केदारनाथ में धरना

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ के तीर्थपुरोहित एवं स्थानीय लोगों को केदारनाथ धाम में हेलीकॉप्टर से आने जाने में प्राथमिकता न दिए जाने और हेली कंपनियों के रवैये से नाराज तीर्थपुरोहितों ने केदारनाथ में करीब दो घंटे धरना दिया।

केदारनाथ हेलीपैड से कुछ दूर तीर्थपुरोहितों ने धरना देते हुए चेतावनी दी कि यदि इस मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो हेली कंपनियों के खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने डीएम को ज्ञापन भी दिया। शनिवार को केदारनाथ में तीर्थपुरोहित हेली कंपनियों के रवैये से नाराज हुए और उनके खिलाफ धरने पर बैठ गए।



हालांकि यह सांकेतिक प्रदर्शन था किंतु तीर्थपुरोहितों ने कहा कि यदि 7 मई तक इस मामले में सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। केदार सभा के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने कहा कि केदारनाथ धाम में तीर्थपुरोहितों एवं स्थानीय लोगों को हेलीकॉप्टर यात्रा में प्राथमिकता नहीं दी जा रही है। जबकि पूर्व में बीते 5 मार्च को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के साथ तीर्थपुरोहितों की बैठक हुई थी, जिसमें उन्होंने स्थानीय लोगों एवं तीर्थपुरोहितों को हेली सेवा से आने जाने में प्राथमिकता देने की मौखिक रूप से सहमति दी थी किंतु हेली कंपनियां तीर्थपुरोहित एवं स्थानीय लोगों को कोई तवज्जों नहीं दे रही है। कहा कि यदि शीघ्र इस मामले में कार्रवाई कर तीर्थपुरोहित एवं स्थानीय लोगों को प्राथमिकता नहीं दी गई तो समस्त तीर्थपुरोहित एवं स्थानीय लोग जनता के साथ मिलकर हेली कंपनियों के खिलाफ आंदोलन करेंगे। जिसका सीधा असर हेली सेवाओं पर पड़ेगा। इस दौरान केदार सभा ने यूकाडा की वर्तमान व्यवस्थाओं पर नाराजगी जताई। कहा कि पूर्व में टिकट वितरण की भी बेहतर व्यवस्था थी जबकि इस बार 90 फीसदी टिकट ऑनलाइन कर सबकी मुश्किलें बढ़ा दी गई है। तीर्थपुरोहित आचार्य संतोष त्रिवेदी ने बताया कि यदि हेली सेवाओं द्वारा इस मामले में ठोस फैसला नहीं किया गया तो तीर्थपुरोहित केदारपुरी में आंदोलन करेंगे। इस मौके पर केदारसभा अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, महामंत्री राजेंद्र प्रसाद तिवारी, व्यापार संघ अध्यक्ष चंडी प्रसाद तिवारी, अंकित सेमवाल, संजय तिवारी, वेद प्रकाश, पंकज शुक्ला, आशीष, पंकज सहित कई तीर्थपुरोहित मौजूद थे।

## बहुउद्देशीय विधिक शिविर 30 अप्रैल को

नई टिहरी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आगामी 30 अप्रैल को तहसील बाल गंगा के जीआईसी विनयखाल में सुबह साढ़े ग्यारह बजे जिला जज की अध्यक्षता में बहुउद्देशीय विधिक शिवर आयोजित किया जायेगा। सीनियर सिविल जज और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव आलोक राम त्रिपाठी ने देते हुए बताया कि शिविर में विभिन्न कानूनों की जानकारी देते हुए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया जायेगा। विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाकर जनता को जन कल्याणकारी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी।

# अजेंद्र ने तीर्थ यात्रियों से मांगे सुझाव

चमोली। बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड मे चारधाम यात्रा पर आ रहे सभी यात्रियों, श्रद्धालुओं का बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति अभिनन्दन और स्वागत करती हैं।

उन्होंने कहा बी के टी सी धामों में भगवान के दर्शन व्यवस्थाओं के लिए मंदिर समिति सदैव समर्पित है। बदरीनाथ– केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बदरीनाथ धाम में यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए यात्रियों से मिलते हुए कहा उत्तराखंड देवभूमि है, यहां हर यात्री हमारा देश अतिथि की तरह है। अध्यक्ष अजेन्द्र अजय ने मंदिर के परिसर में दर्शन व्यवस्था का अवलोकन किया। तीर्थयात्रियों से बातचीत कर उनसे सुझाव भी मांगे। मंदिर परिसर में मंदिर कार्यालय, पूजा काउंटर, प्रसाद काउंटर, भंडार कक्ष, तोषाखाना ,वीआईपी फैब्रिकेटेड काटेज, दर्शन पंक्ति का निरीक्षण कर अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मंदिर समिति सदस्य भास्कर डिमरी, मुख्य कार्याधिकारी योगेन्द्र सिंह, मंदिर अधिकारी राजेन्द्र चौहान, राजेंद्र सेमवाल, अवर अभियंता गिरीश रावत, मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ अतुल डिमरी, अजीत भंडारी मौजूद रहे।

# डामरीकरण के इंतजार में कर्णप्रयाग की ग्रामीण सड़कें

चमोली। विकासखंड में लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत कई सड़कें डामरीकरण की राह देख रही है। लंबे समय से ग्रामीण इन सड़कों के डामरीकरण किए जाने की मांग उठा रहे हैं। लेकिन विभाग बजट का रोना रो रहे हैं और ग्रामीण इन सड़कों से जान जोखिम में रखकर आवागमन करने को मजबूर हैं। मैखुरा के देवी प्रसाद मैखुरी, जगदंबा मैखुरी, जितेंद्र कुमार आदि ने बताया कि जयकंडी–मैखुरा मोटर मार्ग के निर्माण को करीब डेढ़ दशक बीत गया। लेकिन अभी तक इस 15 किमी सड़क का डामरीकरण नहीं हो पाया। इस सड़क से ग्वाड़, बणसोली, मैखुरा, कांडा, चोपड़यूं सहित आस पास के गांवों के ग्रामीण आवागमन करते हैं। वहीं करीब पांच साल पहले कटी सड़क डिम्मर–बणसोली की हालात भी खराब है।

यही नहीं खेत–निवाड़ी–सिलंगी हालिया कट कर तैयार है। इस सड़क से भी वाहन गुजर रहे हैं। लेकिन आठ किमी के करीब लंबी इस सड़क पर डामर कब होगा यह सवाल बना है। यही नहीं आमसोड़–सेरागाड़ और कांचुला–डोंठला सड़क, बगोली–स्यान आदि सड़कों पर भी डामर नहीं होने से यहां सफर जोखिम भरा साबित हो रहा है।

**विभाग के पास नहीं बजट, कैसे होगा डामर**

लोनिवि गौचर के एई अमित पटेल का कहना है कि सड़कें लंबी हैं जबकि बजट बहुत सीमित। ऐसे में बड़ी सड़कों पर डामर होना संभव नहीं है। हालांकि विभाग ग्रामीणों की मांग के अनुरूप डामरीकरण के प्रस्ताव शासन में भेजता है। इस बार भी जयकंडी–मैखुरा के अंतिम किमी 14 और 15 पर डामरीकरण का प्रस्ताव शासन में भेजा गया है।

## रविवार को खुला रहेगा नगर निगम कर अनुभाग

देहरादून। नगर निगम की ओर से अप्रैल माह में मौजूदा वित्तीय वर्ष का हाउस टैक्स जमा करने पर टैक्सधारकों को 20 प्रतिशत के अलावा 5 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट दी जा रही है। काफी संख्या में लोग टैक्स जमा करवाने आ रहे हैं। शनिवार को भी निगम में कई लोग टैक्स जमा करवाने पहुंचे। नगर निगम ने लोगों की सुविधा के लिए रविवार को भी कर अनुभाग कार्यालय खुला रखने के निर्देश दिए हैं।

# गुलदार ने किया महिला पर हमला

नई टिहरी। प्रतापनगर विधानसभा के ग्राम बौसाड़ी निवासी एक महिला पर गुलदार ने शनिवार सुबह करीब 11 बजे हमला कर घायल कर दिया। महिला को उपचार हेतु सीएचसी चौंड में भर्ती किया गया है, उपचार के बाद महिला की हालत सामान्य है। प्रतापनगर के बौसाड़ी गांव की मुन्नी देवी (62) पत्नी धनपाल सिंह शनिवार सुबह करीब 11 बजे अपने पुराने घर से करीब आधा किमी. दूर लंबगांव सड़क मार्ग पर बन रहे अपने नए मकान की देखदेख के लिये जा रही थी, इसी



दौरान गुलदार ने ऊर्जा निगम के मछेंड़ी पावर हाउस के पास महिला पर अचानक हमला कर दिया, महिला के चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोगों ने भी शोर मचाया,जिसके बाद गुलदार को भाग गया। परिजन और ग्रामीण घायल महिला को उपचार के लिये सीएचसी चौड़ लंबगांव ले गये। वन क्षेत्राधिकारी मुकेश रतूड़ी ने बताया कि गुलदार ने महिला के सिर पर नाखूनों से हमला किया है, सीएचसी के डॉक्टरों द्वारा महिला का उपचार किया है, जिसके बाद महिला की हालत सामान्य है,संभवता अस्पताल से महिला को जल्द छुट्टी मिल जाएेगी। बताया वन विभाग की गस्ती टीम को मौके पर भेज दिया गया है। ग्रामीणों से सतर्कता बरतने को कहा गया है। ग्रामीणों ने वन विभाग से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा राशि देने की मांग की है।

# जनप्रतिनिधि कर रहे शहर की अनदेखी, नहीं होगी बर्दाश्त

## दूसरे दिन भी जारी रहा नागरिक मंच का धरना



कोटद्वार तहसील में धरना देते मंच के सदस्य व अन्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : कोटद्वार विधान सभा की विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर नागरिक मंच ने क्षेत्रीय सामाजिक संगठनों के सहयोग से तहसील में दूसरे दिन भी धरना दिया। इस दौरान सदस्यों ने जनप्रतिनिधियों पर शहर की अनदेखी का आरोप लगाया। कहा कि शहर की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

शनिवार को धरने के दूसरे दिन वक्ताओं ने कहा कि कोटद्वार विधान सभा विकास कार्यों में पिछड़ती जा रही है। विकास कार्यों को लेकर राजनैतिक दलों के चुनावी वायदे हवा हवाई बनकर रह गए हैं। कहा कि कोटद्वार विधान सभा के विकास के नाम पर राजनैतिक दलों की ओर से जितनी भी घोषणाएं की गई थी उनमें से किसी भी घोषणा का क्रियान्वयन धरातल पर नजर नहीं आ रहा है। कहा कि मोटर नगर में प्रस्तावित आधुनिक बस अड्डा निर्माण, आबादी के बीच संचालित होता ट्रंचिंग ग्राउंड व सीवर ट्रीटमेंट सहित कई अन्य समस्याएं हैं, जिनका निस्तारण आवश्यक है। चेतावनी दी कि समस्याओं के निराकरण का लिखित आश्वासन न मिलने पर दो मई को रेल रोको आंदोलन किया जायेगा। धरना स्थल पर मंच अध्यक्ष सी.पी नैथानी, महासचिव अतुल भट्ट, जी.के बड़थ्वाल, पी.एल खंतवाल, प्रवेश नवानी, विजय माहेश्वरी, एसपी थपलियाल, पूरण सिंह रावत, गोविंद डंडरियाल, राकेश लखेड़ा और राजेंद्र सिंह नेगी आदि मौजूद थे।

## तहसील परिसर में महिला ने खाया विषाक्त, मौत

**कोटद्वार** : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत मोटाढाक निवासी एक महिला ने तहसील परिसर में विषाख्त का सेवन कर जीवन लीला समाप्त कर ली। महिला ने विषाख्त किस लिए खाया इस बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

शनिवार सुबह मोटाढाक निवासी राजेश्वरी पत्नी स्व. बास्वानंद जोशी तहसील परिसर में पहुंची थी। इसी दौरान उसने अपने थैले से एक पुड़िया निकाली और उसे मुंह के अंदर डाल दिया। कुछ देर बाद अचानक महिला जमीन पर गिर गई। आसपास मौजूद अन्य लोगों व तहसील कर्मियों ने 108 सेवा के माध्यम से महिला को राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार में पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना के बाद महिला की बेटी मनीषा व दामाद कमलेश भी अस्पताल में पहुंच गए थे। तहसील में पहुंचकर महिला ने किस लिए यह कदम उठाया इस बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

# बहुउद्देशीय शिविर में बताई योजनाएं, लाभ लेने की अपील

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी की ओर से आयोजित किया गया शिविर



बहुउद्देशीय शिविर में मौजूद ग्रामीण।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : राजकीय इंटर कॉलेज मैटाकुंड में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। बहुउद्देशीय शिविर में मुख्य अतिथि सिविल सीनियर जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अकरम अली ने ग्रामीणों को उनके अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने सालसा, नालसा व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्लान आफ एक्शन के बारे में भी अवगत करवाया। श्रम विभाग के प्रशासनिक अधिकारी कमल कुमार ने ग्रामीणों को ई-श्रम कार्ड, श्रमकार्ड व राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उधर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाटीसैण के चिकित्सा अधिकारी डा. आरती बहल ने ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। पुलिस कर्मी दीपशिखा तोमर ने साइबर क्राइम, महिला अपराध की जानकारी दी।

शिविर में ग्रामीणों को पांच राशन कार्ड, 19 श्रम कार्ड, 11 उद्यान विभाग कार्ड, छः समाज कल्याण कार्ड, तीन बीपीएल कार्ड दिए गए। इस दौरान 32 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य शिविर का भी लाभ उठाया।

# खाद्य सामग्री, कपड़े व फल किए वितरित



लोगों को सामग्री वितरित करते ट्रस्ट के सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : आर्य गिरधारी लाल महर्षि दयानंद ट्रस्ट के सहयोग से आर्य सगन्ध संस्थान मूसेपुर नजीबाबाद में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान पूर्व दर्जाधारी राज्य मंत्री सुनीता बिष्ट, सेनि. वरिष्ठ लैब टेक्नीशियन धीरेंद्र सिंह नेगी व राजेन्द्र सिंह रावत द्वारा संस्थान में रह रहे अनाथ, विकलांग, मूकबधिर व बेसहारा लोगों के लिए खाद्य सामग्री, कपड़े,फल व मिष्ठान वितरित किया गया।

ट्रस्ट के इस कार्य पर संस्थान प्रबंधिक कमलेश आर्य ने कहा कि ट्रस्ट पिछले एक दशक से इस संस्थान में रहने वाले लोगों की सेवा करता आ रहा है, इसलिए वे ट्रस्ट के आभारी हैं। इस दौरान संस्थान का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सांकेतिक चक्काजाम

**पौड़ी** : रिखणीखाल व नैनीडांडा ब्लॉक क्षेत्र में दो लोगों को बाघ द्वारा निवाला बनाए जाने के बाद क्षेत्र के लोग बाघ की दहशत में जीने को मजबूर है। क्षेत्र में बाघ की लगातार चहलकदमी के चलते स्थानीय लोगों में भय बना हुआ है। लोगों की दिनचर्या भी प्रभावित हो रही है। शासन-प्रशासन व वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए आक्रोशित क्षेत्र के लोगों ने शनिवार को घोड़कंद हल्दूखाल में धुमाकोट कोटद्वार मार्ग पर सांकेतिक चक्काजाम किया। चक्काजाम की सूचना पर राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची व लोगों को समझा बुझाकर चक्काजाम खुलवा कर यातायात फिर से शुरू करवाया। क्षेत्र में पिंजरा लगा दिया गया है लेकिन स्थानीय लोगों की मांग है कि क्षेत्र में ट्रेंकुलाइजर टीम तैनात की जाए। जिससे बाघ को पकड़कर लोगों को दहशत से मुक्त किया जा सके। इस मौके पर ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह रावत, हर्षवर्धन नेगी, संजय गौड़, रवि नेगी, ग्राम प्रधान उम्टा लक्ष्मी देवी, संजीव नेगी, सुरेंद्र सिंह, चंद्रपाल सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं, राजस्व विभाग की ओर से नायब तहसीलदार राजेंद्र बिष्ट, कानूनगो जयकृत रावत, पटवारी ज्योति मोहन व वन विभाग से क्षेत्रीय वनाधिकारी महेंद्र सिंह रावत मौजूद रहे।

# रेखा गौड़ बनी प्रबंधन समिति की अध्यक्ष



आयोजित बैठक में भाग लेते सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : राजकीय कन्या इंटर कालेज कलालघाटी में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें रेखा गौड़ को सर्वसम्मति से प्रबंधन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस दौरान सदस्यों ने विद्यालय में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने का संकल्प लिया। प्रधानाचार्या पुष्पा धस्माना ने बताया कि रेखा गौड़ को अध्यक्ष, चंद्रप्रकाश जखमोला पुरुष अभिभावक सदस्य, रोशनी देवी महिला अभिभावक सदस्य, आरती देवी अनूसूचित जाति सदस्य, अहसान अल्पसंख्यक सदस्य, सुनीता देवी महिला मंगल दल सदस्य, आभा डबराल शिक्षा विकास समिति सदस्य, कविता देवी एकेडमिक अभिभावक सदस्य, मालती देवी को भवन निर्माण अभिभावक समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। बैठक में किरन जागरवाल ने शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर बीना शर्मा, शिवेत्री सिंह, मंजू कपरवाण, हेमलता बडोला, सुचिता बिष्ट, भावना पांडे, विनीता जोशी, सावित्री रावत, अर्चना कंडवाल आदि मौजूद रहे।

## गोपाल सिंह रावत बने कर्मचारी संघ के अध्यक्ष

**कोटद्वार** : उत्तरांचल परिवहन कर्मचारी संघ की ओर से पुरानी कार्यकारणी को भंग कर नवीन कार्यकारणी का गठन किया गया। इस दौरान अध्यक्ष पद पर गोपाल सिंह रावत व सचिव पद पर राकेश चंद्र डबराल को नियुक्त किया गया है। शनिवार को कंपनी के प्रधान कार्यालय में उत्तराखंड परिवहन कर्मचारी संघ कोटद्वार की श्रमिक यूनियन का सम्मलेन आयोजित किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से गोपाल सिंह रावत को अध्यक्ष, राजेंद्र चंद्र बुडाकोटी को उपाध्यक्ष, राकेश चंद्र डबराल को सचिव, रामनारायण को संयुक्त सचिव, मुकेश कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया। जबकि, कार्यकारिणी सदस्य की जिम्मेदारी राकेश मोहन त्यागी, दर्शन सिंह, दिनेश चंद्र जदली, वीरेंद्र सिंह, सावेत्री देवी, अर्पणा को दी गई है। इस मौके पर प्रमोद कुमार शर्मा, अमरपाल सिंह नेगी, सुरेश चंद्र कवटियाल, जगदीप असवाल, अंजू नैनवाल, आशीष रावत, दिव्यांक नेगी, सुभाष चंद्र बलूनी, वीरेंद्र कुमार खंतवाल, महाराज बिष्ट, योगेश पटवाल आदि मौजूद रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली को कर्मचारियों व अधिकारियों ने किया प्रदर्शन



पुरानी पेंशन बाहली को लेकर प्रदर्शन करते सरकारी कर्मचारी व अधिकारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार/सतपुली** : पुरानी पेंशन बाहाल की मांग को लेकर सरकारी कर्मचारियों व अधिकारियों ने तहसील में प्रदर्शन किया। कहा कि पेंशन बाहली के लिए कर्मचारी व अधिकारी एक मई को दिल्ली कूच करेंगे।

प्रदेश महासचिव सीताराम पोखरियाल के नेतृत्व में कर्मचारी व अधिकारियों ने प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि नई पेंशन योजना में जो कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं उनकी पेंशन तीन से चार हजार के करीब बन रही है। नई पेंशन योजना किसी भी तरह से कर्मचारियों के हित में नहीं है। इतनी कम पेंशन में सेवानिवृत्ति के बाद कर्मचारियों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ेगा। कहा कि वर्तमान में राजस्थान सरकार ने कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने की घोषणा कर दी है। कहा कि विधायकों व सांसदों को एक दिन के कार्यकाल पर पेंशन मिल रही है, लेकिन कर्मचारियों को तीस से पैंतीस वर्ष तक अपनी सेवाएं देने के बाद भी पुरानी पेंशन योजना से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से 2004 के पश्चात नियुक्त कर्मियों की पुरानी पेंशन योजना की बहाली के लिए शासनादेश जारी करने की मांग की। इस मौके पर आशीष सिंह, राकेश अण्थ्वाल, कृष्ण बिष्ट, संदीप सिंह राणा, दीपिका, वेदप्रकाश पटवाल, विक्रम सिंह राणा, विजय प्रकाश, नरेंद्र गुसाई आदि मौजूद रहे।

## शिशु भारती का हुआ गठन

**सतपुली** : सतपुली स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में शिशु भारती का गठन मतदान के आधार पर किया गया। जिसमें मानसी नेगी कक्षा पंचम अध्यक्ष, रौनक कक्षा पंचम सेनापति, मेघा पंचम मंत्री चुनी गई। इस अवसर पर पूनम कुकरेती, हेमलता, पूजा देवी उपस्थित थे। विद्यालय के प्रधानाचार्य भागेश कुकरेती द्वारा शिशुओं को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

## सेमीफाइनल मैच एमसीसी और अटैक क्लब के बीच होगा

**श्रीनगर गढ़वाल** : क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ पौड़ी की ओर से आयोजित क्रिकेट लीग प्रतियोगिता में शनिवार को अटैक क्रिकेट क्लब और सबदरखाल की टीम के बीच अंतिम लीग मैच खेला गया। सबदरखाल की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 26 ओवर में 127 रनों का लक्ष्य दिया। सबदरखाल की तरफ से कुलदीप रावत ने 75 रनों की पारी खेली और अटैक की तरफ से अंशुल सिंह ने 6 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अटैक की टीम ने 2 विकेट के नुकसान पर निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त किया। अटैक टीम की तरफ से मदन ने 51 रनों का योगदान दिया। मैच में सर्वाधिक विकेट लेने पर अंशुल सिंह को मैन आफ द मैच चुना गया। मैच में अंपायर की भूमिका में डा. तौफीक अहमद, धर्मेंद्र चौहान रहें। पौड़ी क्रिकेट एसोसिएशन के संयोजक प्रदीप मल्ल ने बताया कि अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता का सेमीफाइनल एमसीसी और अटैक क्लब के बीच खेला जाएगा। सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले कोटद्वार में खेले जाएंगे। इस मौके पर कृपाल सिंह पटवाल, आलोक हटवाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# रैली निकालकर किया जागरूक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : भारत सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय रिखणीखाल में एण्टी ड्रग सेल ने स्थानीय बाजार में रैली निकालकर लोगों को नशे को लेकर जागरूक किया। इस दौरान लोगों को जागरूक करते हुए बताया गया कि नशे के कारण पारिवारिक विघटन एवं सामाजिक विघटन की समस्या उत्पन्न होती है। मादक पदार्थों के विक्रय व सेवन से रोकथाम के लिए हर संभव कदम उठाए जाए। कहा कि यदि कोई व्यक्ति अनैतिक तरीके से मादक पदार्थों का व्यापार कर रहा हो तो उस व्यक्ति को कानूनी प्रक्रियाओं के द्वारा रोकथाम के उपाय किए जाने की आवश्यकता है। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. मनोज उप्रेती, नीरज सिंह, मानसी नेगी, मोनिका, विपिन चौहान, सुधीर भारद्वाज आदि शामिल रहे।

# बाघ प्रभावित क्षेत्र में 2 मई तक बंद रहेगें स्कूल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : रिखणीखाल और धुमाकोट ब्लॉक के बाघ प्रभावित क्षेत्र में आगामी 2 मई तक स्कूल बंद रहेगें। जिलाधिकारी ने इस संबंध में आदेश जारी किये है। बाघ के उक्त क्षेत्रों में सक्रिय होने के कारण लोग दहशत में जी रहे है। उक्त क्षेत्र में विगत 17 अप्रैल से रात्रि कर्फ्यू भी लगा हुआ है।

बाघ प्रभावित क्षेत्रों के लिए जिलाधिकारी ने ताजा आदेश करते हुए स्कूलों को 2 मई तक के लिए बंद कर दिया है। यहां बच्चों का पठन-पाठन ऑन लाइन ही हो रहा है। वन विभाग की टीमें यहां गश्त पर है, लेकिन बाघ की कोई गतिविधि नजर नहीं आई है।

हालांकि नैनीडांडा ब्लाक के उमटा की ग्राम प्रधान लक्ष्मी देवी ने बताया कि घुड़कंद समेत भेड़गांव तल्ला और भेड़गांव मल्ला में बाघ दिखाई दे रहा है। जिसके चलते ग्राम सभा में की बाघ की दहशत बरकरार है। जिसके चलते लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने बताया कि बीते शुक्रवार को भेड़गांव मल्लल्ला में स्व. प्रेमसिंह की पत्नी लक्ष्मी देवी के एक मवेशी को बाघ ने निवाला बना दिया। डीएफओ गढ़वाल स्वपनिल अनिरुद्ध ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर घुडकंद में एक और पिंजरा भी लगा दिया गया है। गढ़वाल वन प्रभाग सहित कलागढ़ टाइगर रिजर्व और लैसडौंन वन प्रभाग की टीमें बाघ प्रभावित क्षेत्र में गश्त कर रही हैं। हालांकि टीम को बाघ दिखाई नहीं दिया है। ग्रामीणों को पूरी सतर्कता बरतने के लिए कहा गया है। अभी तक रिखणीखाल क्षेत्र से ही एक बाघ वन विभाग ने पकड़ा है। दो बाघ अभी भी यहां सक्रिय है। बताया कि बच्चों के पठन पाठन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। कहा कि जिला प्रशासन की ओर से ऑनलाइन पढ़ाई का फॉर्मेट चलाया जा रहा है। जिसमें भी बच्चों को नेटवर्क की दिक्कतें झीलनी पड़ रही हैं।

## अलकनंदा नदी नदी किनारे मिला शव

**श्रीनगर गढ़वाल** : कीर्तिनगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत जुयालगढ़ के पास अलकानंदा नदी किनारे एक शव बरामद हुआ है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। शव की पहचान सतीश नौटियाल (35) पुत्र विशम्बर दत्त हाल निवासी घसिया महादेव, श्रीनगर के रूप में हुई है।

शव की शिनाख्त मृतक के भाई ने की। कीर्तिनगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कमलमोहन भंडारी ने बताया कि बीते 24 अप्रैल को कोतवाली कीर्तिनगर नये पुल से एक व्यक्ति के छलांग लगाने की सूचना प्राप्त हुई थी। जिसके बाद से कीर्तिनगर, श्रीनगर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम संयुक्त रूप से सर्च आपरेशन चला रही थी। उन्होंने बताया कि शनिवार को सर्च आपरेशन के दौरान अलकनंदा नदी के किनारे जुयालगढ़ के पास शव बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि शव का पंचनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कालेज श्रीकोट भेज दिया गया है। (एजेंसी)

## समिति ने पुल निर्माण की उठाई मांग

**कोटद्वार** : स्व. सरोजनी देवी लोक विकास समिति ने वर्ष 2006 में स्वीकृत व्यास घाट-कौडियाला मार्ग को ऋषिकेश से जोड़ने वाले सिंगटाली पुल के शीघ्र निर्माण की मांग की है। कहा कि पूर्व में आश्वासन के बाद भी सरकार समस्या को लेकर लापरवाह बनी हुई है।

समस्या के संबंध में समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह नेगी ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। उन्होंने कहा कि कौडियाला व्यासघाट मोटर मार्ग व गंगा नदी पर सिंगटाली पुल के नाम से 2006 में सरकार ने पुल को स्वीकृति दी थी। जिसके लिए 1579.80 लाख रुपये भी स्वीकृत किए गए थे। लेकिन, अब तक धरातल पर पुल निर्माण नहीं हो पाया है। नतीजा सुविधा के अभाव में ग्रामीण पलायन को मजबूर हो रहे हैं। कहा कि सिंगटाली पुल राजमार्ग के वैकल्पिक मार्ग के लिए महत्वपूर्ण है। सरकार को जल्द ही पुल निर्माण पर ध्यान देना चाहिए।

# पुलिस ने सात बच्चों का सरकारी विद्यालय में करवाया प्रवेश



कोटद्वार में सरकारी विद्यालय में बच्चे का प्रवेश करवाने पहुंचे अभिभावक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : आपरेशन मुक्ति के तहत पुलिस ने सात बच्चों का सरकारी विद्यालय में प्रवेश करवाया। इस दौरान टीम ने अभिभावकों को भी बच्चों की पढ़ाई के लिए जागरूक किया। कहा कि बेहतर समाज निर्माण के लिए बच्चों का शिक्षित होना आवश्यक है।

उप निरीक्षक कृपाल सिंह ने बताया कि बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए उत्तराखंड पुलिस आपरेशन मुक्ति अभियान चला रही है। जिसके तहत पुलिस टीम गली-मोहल्लों में घूमकर अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूक कर रही है। शनिवार को सात अलग–अलग स्थानों में रहने वाले बच्चों का जूनियर हाई स्कूल बालक नगर क्षेत्र, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय शिब्बूनगर व आंगनबाड़ी सेंटर गाड़ीघाट में प्रवेश करवाया गया। यही नहीं, बाकायदा बच्चों को स्कूल भेजने के लिए उनके अभिभावक स्वयं गए।

अभियान के दौरान अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा में पूरा सहयोग करने का भी आश्वासन दिया गया। कहा कि शिक्षा में किसी भी तरह की बाधा आने पर पुलिस अभिभावकों की मदद करेगी। इस मौके पर उपनिरीक्षक सुमनलता, मुकेश डोबरियाल, विद्या मेहता, सूर्यकांत सैनी आदि मौजूद रहे।

## शिविर में 119 मरीजों ने लिया स्वास्थ्य लाभ

**पौड़ी** : द हंस अस्पताल चमोलीसैंण में दो दिवसीय कान, नाक और गला जांच शिविर में शनिवार को 119 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर में कान नाक और गला विशेषज्ञ समीर टोपनो ने कान, नाक और गला से संबंधित सभी बीमारियो के लिए अस्पताल आये मरीजों को देखा। बताया कि 47 मरीजों को आगे इलाज के लिए भर्ती किया जाएगा। जिनका दूरबीन विधि द्वारा और नॉर्मल ऑपरेशन किया जाएगा। शिविर में निःशुल्क 37 सी टी स्कैन, एक्स रे व खून की जांचे की गई।

# लोहाघाट में लोग जलसंस्थान और स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ गरजे



चम्पावत। नगर लोहाघाट में पेयजल समस्या और अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी के मुद्दे में नगर और क्षेत्र के लोगों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने जलसंस्थान और स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। शनिवार को गांधी चौक लोहाघाट में लोगों ने नगर में पेयजल समस्या के समाधान न होने और उपजिला अस्पताल में व्यवस्थाएं और विशेषज्ञ डॉक्टर की नियुक्ति न होने पर नाराजगी जताई। लोगों ने कहा कि नगर में पेयजल समस्या और स्वास्थ्य व्यवस्थाएं पटरी पर नहीं आ रही हैं। उन्होंने कहा कि सबसे पहले तो सरकार से सरयू लिफ्ट पेयजल योजना जल्द से धरातल में लाने की मांग करते हैं। लोगों ने कहा कि सरयू से पहले वर्तमान हालातों को देखते हुए नगर में पेयजल व्यवस्था को पटरी पर लाने की है। उन्होंने कहा कि जलसंस्थान पुराने ढर्रे में रहकर टैंकरों से ही पानी भरने में है। नगर के पास बलांई गधेरे और राइकोट के पास छोटा सा बांध बनाने की मांग, कोलीढेक झील से, राइकोट पंप और फोर्ती पेयजल योजना को दुरुस्त करके पानी की आपूर्ति की जा सकती है। लेकिन विभाग की सही कार्यशैली न होने के कारण वर्षों से कोई भी योजना अपडेट नहीं हो पाई है।

इसके अलावा उपजिला अस्पताल में हड्डी रोग, बाल रोग, स्त्री रोग, सर्जन आदि कई पद रिक्त पड़े हैं। जिससे अस्पताल रेफर सेंटर बन गया है। उन्होंने कहा कि अगर जल्द व्यवस्थाएं सही नहीं होती हैं तो लोग चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इसके लिए नगर के बुद्धजीवी वर्ग और समस्त क्षेत्र के लोग एक मंच पर आएंगे।

## ऑलवेदर सड़क पर कार पलटी, एक घायल

चम्पावत। टनकपुर–चम्पावत नेशनल हाइवे पर एक कार अनियंत्रित होकर 100 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में चम्पावत निवासी एक युवक बुरी तरह से घायल हो गया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। शनिवार दोपहर चम्पावत से टनकपुर को आ रही कार अमरु बैंड के समीप अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में बाजरीकोट, चम्पावत निवासी 40 वर्षीय देवेंद्र सिंह भंडारी पुत्र राजेंद्र सिंह भंडारी बुरी तरह से घायल हो गया। हादसे की सूचना वहां से गुजर रहे अन्य वाहन चालकों ने चल्थी चौकी में दी। मौके पर पहुंचे चल्थी चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह कोरंगा व पुलिस टीम ने घायल को रेस्क्यू कर कार से बाहर निकाला। जिसे उपजिला अस्पताल लाया गया।

## सड़क निर्माण के लिए मंडलायुक्त से मिले ग्रामीण

बागेश्वर। करुली बैंड से गाजली, कलाग, बिजौरिया के लिए सड़क निर्माण कार्य पूरा नहीं होने पर क्षेत्र के लोगों न कड़ी आपत्ति जताई है।

नाराज लोगों ने मंडलायुक्त दीपक रावत से मुलाकात की। चार साल बाद भी सड़क निर्माण पूरा नहीं होने पर हो रही परेशाानी से अवगत कराया। लोनिवि कपकोट व ठेकेदार पर उपेक्षा का आरोप लगाया।

ग्रामीण वाहन में बैठकर शनिवार को जिला मुख्यालय पहुंचे। यहां आयुक्त रावत से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि 2019 में करुली बैंड से उनके गांव के लिए सड़क निर्माण शुरू हुआ, लेकिन चार साल बाद भी गांव तक सड़क नहीं पहुंची है। ठेकेदार ने आधा–अधूरा कार्य करने के बाद निर्माण कार्य छोड़ दिया है। इस समस्या को वह विभाग से लेकर डीएम तक बता चुके हैं, लेकिन समस्या आज भी जस की तस है। गत वर्ष विधानसभा चुनाव का ग्रामीणों ने बहिष्कार करने की चेतावनी दी थी।

तब विभाग तथा प्रशासन के लोगों ने गांव में आकर ग्रामीणों को आश्वस्त किया था कि मई 2022 तक सड़क निर्माण कार्य पूरा कर दिया जाएगा, लेकिन अब दूसरी मई आने वाली है, उनकी समस्या पर कोई हल नहीं हुआ है। उन्होंने आयुक्त से जल्द समस्या का समाधान करने की मांग की है। मांग करने वालों में गोपाल राम, गोविंद राम, मोहन सिंह नेगी, दीवान सिंह, नंदन राम, गोपाल राम आदि मौजूद रहे।

# दो बच्चों के बाप ने दी जान, युवती को ठहराया जिम्मेदार

हल्द्वानी। काठगोदाम थाना क्षेत्र में एक ऑटो चालक ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। सुसाइड से पूर्व ऑटो चालक ने वीडियो बनाया, जिसमें उसने मौत का जिम्मेदार एक युवती को बताया है। फिलहाल पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा गया है। जानकारी के मुताबिक मृतक क्षेत्र में पत्नी और दो बच्चों के साथ रहता था। सुसाइड से पूर्व बनाए गए वीडियो में मृतक का कहना है कि कुछ समय पूर्व उसकी पत्नी अस्पताल में भर्ती थी। उसी वार्ड में एक युवती ने अपनी मां को भी भर्ती कराया था। बातचीत होने पर दोनों ने एक–दूसरे के फोन नंबर ले लिए। काफी दिनों तक दोनों के बीच बात होती रही, लेकिन उन्हें कभी मिलने का मौका नहीं मिला। कुछ दिन पूर्व युवती उसे अपनी रिश्तेदार के घर ले गई, जहां दोनों दो दिन तक साथ रहे। इसकी भनक उसकी पत्नी को लग गई। वीडियो में मृतक अपनी पत्नी को समझा रहा है और वह भी शादी के लिए मान गई, लेकिन युवती ने शादी से इनकार कर दिया। इस पर वह युवती पर प्यार में धोखा देने और उसे बर्बाद करने का आरोप लगाते हुए मौत का जिम्मेदार बता रहा है। साथ ही पुलिस से युवती के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए जहरीला पदार्थ गटक लिया। जानकारी मिलने पर ऑटो चालक को अस्पताल लाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। थानाध्यक्ष प्रमोद पाठक ने बताया कि फिलहाल परिजनों की ओर से शिकायत नहीं मिली है।

## मंडलायुक्त को दिया भद्रतुंगा आने का निमंत्रण

बागेश्वर। मंडलायुक्त दीपक रावत के जिले में पहुंचने पर कुमींचल लघु कुंभ समिति के लोग उनसे मिले। उन्हें सरयू मूल भद्रतुंगा में तीन मई से आयोजित कार्यक्रम में आने का आमंत्रण पत्र सौंपा। ब्लाक प्रमुख गोविंद दानू, सचिव आयोजक जिला समिति ने उनसे मुलाकात की। रामानन्द आश्रम भद्रतुंगा के संत महाराज देवानंद से फोन पर वार्ता भी कराई ,

## भू–माफिया के खिलाफ 13 मई को अल्मोड़ा में होगी रैली

अल्मोड़ा। भू–माफिया भगाओ पहाड़ बचाओ, उत्तराखंड बचाओं को लेकर आगामी 13 मई को अल्मोड़ा नगर के गांधी पार्क से विभिन्न संगठनों की ओर से विरोध रैली का आयोजन किया जाएगा। समिति के सदस्य व उपपा केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी ने कहा कि उत्तराखंड बनने के 23 वर्षों में एक ओर राज्य की अवधारणा तेजी से ध्वस्त हो रहीं है, और दूसरी ओर प्राकृतिक संसाधनों, जमीनों की निर्मम लूट से उत्तराखंड बेहाल है। हिमालयी क्षेत्र में कश्मीर से लेकर अरुणाचल तक केवल उत्तराखंड ही एक ऐसा राज्य है, जो पूंजीपतियों, भू माफियाओं को किसी न किसी बहाने असीमित जमीन हथियाने व संसाधनों को लूटने की खुली छूट दे रहा है।

# प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में बताया

बागेश्वर। विद्यालयों में जन जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान छात्र–छात्राओं को प्लास्टिक के उपयोग से पर्यावरण को हो रहे नुकसान की जानकारी दी गई। उन्होंने प्लास्टिक की थैलियों को एक बोतल में भरकर उस पर चित्रकारी की। जिसे घर और आंगन के सुंदरीकरण के रूप में उपयोग में लाया जा सकेगा। शनिवार को कंट्रीवाइड पब्लिक स्कूल पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ शिप्रा कल्याण समिति भवाली के अध्यक्ष जगदीश नेगी ने की। कहा कि केंद्र और राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण और संवर्द्धन के क्षेत्र में काम कर रही है। जन जागरूकता अभियान के तहत उनकी टीम यहां पहुंची है। वह विभिन्न विद्यालयों में जाकर छात्र–छात्राओं को जागरूक कर रही है। बताया कि प्लास्टिक के उपयोग से नदियां और मिट्टी प्रदूषित हो रही है। पर्यावरण को भारी क्षति हो रही है। जिसका सीधा प्रभाव पृथ्वी के सभी प्राणियों पर पड़ रहा है। इससे निजात पाने के लिए एक अनोखा उपाय है। जिसे उन्होंने प्रस्तुत किया। इसमें बिखरे हुए प्लास्टिक की थैलियों को बोतलों के अंदर भरकर उन्हें सुंदरीकरण के रूप में प्रयोग किया जा सकता है। प्लास्टिक का फैला हुआ दस ट्रक कचड़ा को यदि बोतलों में भरकर रखे तो वह एक ट्रक में समा जाएगा। फैला हुआ प्लास्टिक को बोतलों में भरकर उनमें सुंदर चित्रकारी से सजाते हुए घर की फूलों की क्यारियों और अन्य स्थानों पर रखा जा सकता है। इस तरह से कभी नष्ट नहीं होने वाला प्लास्टिक से पर्यावरण को होने वाली हानि को कम किया जा सकता है। उन्होंने पानी की एक लीटर की बोतल में दूध के 80 खाली प्लास्टिक की थैलियों को भर कर दिखाया। इस मौके पर प्रधानाचार्य डा. आशा तिवारी, अपर्णा कांडपाल, शिक्षक मोहन सिंह कुंवर, प्रकाश धपोला, हंसा पांडे, भरत शाही, रवि धपोला, कुसुम लता शाह, ममता रावल, हिमांशु चौबे, गीता जोशी आदि उपस्थित थे।

## लीसा ढुलान व गढ़ान पर उठाए सवाल

बागेश्वर। लीसा मेट वेलफेयर सोसायटी ने लीसा गढ़ान–ढुलान पर सवाल उठाएं हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में दो कानून बनाए गए हैं। कुमाऊं–गढ़वाल में गढ़ान–ढुलान के अलग–अलग धनराशि तय है। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र नीति में सुधार नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन करेंगे। सोसायटी के अध्यक्ष लीलाधर पांडे के नेतृत्व में शनिवार को लीसा मेट जिलाधिकारी से मिले। उन्होंने ज्ञापन में कहा कि लीसा–गढ़ान और ढुलान पर रोक है। वन प्रभाग ने उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद लीसा कूपों पर लीसा गढ़ान कार्य संचालित कर दिया है। कुछ वन पंचायतों का अभी कार्यादेश नहीं हो सका है। टेंडर भी होने हैं, लेकिन लीसा कार्य सुचारू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह न्यायालय की अवमानना है। बीते वर्ष की भांति जंगल से मोटर सड़क तक की दूरी के आधार पर ढुलान के रेट तय नहीं किए जा रहे हैं। एक किमी से लेकर 35 किमी दूरी तक एक ही रेट हैं।

# गोयल महानगर कार्यवाहक अध्यक्ष, नेत्र बल्लभ महामंत्री बने




हल्द्वानी। हल्द्वानी नगर निगम सभागार में शनिवार को देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश कार्यकारणी की बैठक हुई। निर्णय लिया गया कि व्यापार मंडल जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों के लिए संघर्ष करेगा। इसके बाद हल्द्वानी महानगर इकाई का पुनर्गठन किया गया। इसमें अजय कृष्ण गोयल को महानगर कार्यवाहक अध्यक्ष और नेत्र बल्लभ जोशी को महामंत्री मनोनित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष हुकम सिंह कुंवर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री राजकुमार केसरवानी ने किया। इस दौरान व्यापारियों ने ऑनलाइन कारोबार से हो रहे नुकसान के बारे में भी चर्चा की। व्यापारी जीवन सिंह कार्की ने कहा स्वास्थ, सड़क, आईएसबीटी, जू, पेयजल जैसे मुद्दों व्यापार मंडल सरकार व प्रशासन के सामने उठाएगा। साथ ही शहर में जाम की समस्या पर चिंता की गई और संगठन की मजबूती पर जोर दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष कुंवर ने कहा कि हमने हमेशा जनहित में काम किया है आगे भी जारी रहेगा। अंत में दो मिनट का मौन रखकर संरक्षक नंद किशोर कपिल, महेश बेलवाल, नारायण दत्त जोशी के निधन पर शोक जताया गया। ये रहे मौजूदः यहां अनुशासन अध्यक्ष डॉ. बालम बिष्ट, राजकुमार केसरवानी, जगमोहन चिलवाल, आफताब हुसैन, दीपक शाह, रेवाधर बृजवासी, अतुल गुप्ता, अवध बिहारी, रवि गुप्ता, राकेश बेलवाल, संजय कृष्ण परगांई, चंपा त्रिपाठी रहे।

## नैनीताल की अपूर्वा सेना में बनीं जेएजी

हल्द्वानी। नैनीताल न्यायालय में वरिष्ठ अधिवक्ता की बेटी अपूर्वा शनिवार को भारतीय सेना में जज एडवोकेट जनरल (जेएजी) बन गई हैं। चेन्नई में आफीसर्स ट्रेनिंग अकादमी में हुई पासिंग आउट परेड में माता–पिता ने अपूर्वा के कंधों पर सितारे सजाए।

जेएजी बनने वाली अपूर्वा प्रदेश की दूसरी महिला हैं। नैनीताल की बेटी अपूर्वा ने जिले के साथ प्रदेश का नाम रोशन किया है। पिता अखिलेश साह ने बताया कि अपूर्वा ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की शिक्षा सेंट मेरी कॉन्वेंट से हासिल की। इसके बाद देहरादून से 2018 में एलएलबी करने के बाद उन्होंने 2019 में पूना से एलएलएम किया।

# देश की रक्षा के बाद समाज की जिम्मेदारी निभाएंगे पूर्व सैनिक

हल्द्वानी। संयुक्त पूर्व सैनिक संगठन की बैठक हुई। बैठक में विभिन्न मुद्दों के साथ कार्यकारिणी गठन पर चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि पूर्व सैनिक संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्य करेंगे।

कहा अब देश की रक्षा के बाद समाज की जिम्मेदारी भी निभाई जाएगी। शनिवार को कैनाल रोड स्थित सैन्य अकादमी परिसर में हुई बैठक में आर्मी, नेवी, सीआरपीएफ, तटरक्षक बल के सेवानिवृत्त अधिकारी और सैनिक शामिल रहे। निर्णय लिया गया कि शहर, मंडल, जिला, प्रांत और राष्ट्रीय स्तर पर संगठन को मजबूत बनाया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि हमारा उद्देश्य सामाजिक उत्थान, जागरूकता, और अच्छी शिक्षा दिलाना है। इस दौरान सदस्यता अभियान चलान, पूर्व सैनिकों की समस्याओं का समाधान करने, कैंटीन व विश्राम गृह बनाने, पेंशन आदि शिकायतों को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर पूर्व असिस्टेंट कमांडेंट आरपी सिंह, पूर्व डिप्टी कमांडेंट मनोरथ सिंह नेगी, दरबान सिंह बोहरा, आनंद सिंह ठठोला, मनोहर भट्ट, सीएस डांगी, संजय कुमार, होशियार सिंह गौनिया, मोहन सिंह मेहरा, केएस बोरा, वीएस कुंवर, जीएस रावत आदि मौजूद रहे।

## जमरानी बांध ही हल्द्वानी पेयजल का विकल्प

हल्द्वानी। जमरानी बांध निर्माण संघर्ष समिति के संयोजक नवीन चंद वर्मा ने कहा है जमरानी बांध ही हल्द्वानी के लिए पेयजल का एक विकल्प है। कहा कि सन 1975 से आज तक जनप्रतिनिधियों की दृढ़ संकल्पता की कमी और जमरानी बांध को चुनावी मुद्दा न बनाए जाने के कारण ही यह परियोजना आज तक शुरू नहीं हो पाई है। हल्द्वानी महानगर का दुर्भाग्य है कि यहां पेयजल पुनर्गठन के लिए कोई ठोस कार्य योजना रखने वाला अभियंता हमें नहीं मिल पाया।

# नगर महिला कांग्रेस की अध्यक्ष बनी दीपा साह

अल्मोड़ा। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में महिला कांग्रेस की बैठक हुई। बैठक में नगर कार्यकारणी का गठन और जिला कार्यकारणी का विस्तार किया गया। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष राधा बिष्ट की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित बैठक में जिले की कार्यकारणी का विस्तार किया गया।

सर्वसम्मति से दीपा साह को महिला कांग्रेस का अल्मोड़ा नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया। साथ ही, उपाध्यक्ष पद पर आशा भारती, पुष्पा पांडेय, धर्मा देवी, फेमिना खान, उजमा परवीन, भगवती मटेला, महामंत्री पद पर इंद्रा वर्मा, पूनम आर्या, तारा तिवारी, जया जोशी, लीला जोशी, विनीता आर्या, सरस्वती आर्या, राधा तिवारी, धीरा तिवारी, कोषाध्यक्ष शोभा जोशी को बनाया गया है। जबकि जिला कार्यकारिणी सदस्य की जिम्मेदारी अनीता कन्नौजिया, किरन बिष्ट, नंदी नेगी, हेमा हंयाकी, दीपा जोशी, भावना वर्मा, सरस्वती, तारा बिष्ट, दीपा जोशी, परवीन, दीपा जोशी, तारा भंडारी को दी। वहीं संरक्षक मंडल में डॉ. आशा मेहता, पुष्पा सती, प्रीति बिष्ट, जेबुल निशा अंसारी, जया टम्टा, कल्पना नेगी, आशा टम्टा, दीपा त्रिपाठी को मनोनीत किया गया है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष बिष्ट ने कहा कि महिला कांग्रेस आने वाले निकाय चुनाव और लोकसभा में बड़ी जिम्मेदारी निभायेगी।

## बाराकोट ब्लॉक प्रमुख के बेटे को जान से मारने की धमकी

चम्पावत। बाराकोट ब्लॉक प्रमुख के बेटे को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने लोहाघाट थाने में तैनात एक पुलिसकर्मी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बाराकोट ब्लॉक प्रमुख पति बहादुर सिंह फत्र्याल ने चम्पावत कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि लोहाघाट थाने में तैनात पुलिसकर्मी मनोहर सिंह ने बीते दिन उनके छोटे बेटे को जान से मारने की धमकी दी है। ब्लॉक प्रमुख के पति ने आरोप लगाया कि लंबे समय से वह उसे और परिवार को धमकाने के साथ ही गाली गलौच कर रहा है। इस कारण उनका परिवार डरा हुआ है।

# उत्तराखंड में रिकार्ड दर्ज करेगा 'मन की बात' का 100वां एपिसोड: अजय भट्ट

हल्द्वानी। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट ने कहा कि पीएम मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का 100वां एपिसोड रिकॉर्ड बनाएगा। पिछले कार्यक्रम में उत्तराखंड ने देश में तीसरा स्थान प्राप्त किया था। उन्होंने उत्तराखंड के लोगों से आह्वान किया है कि वह मन की बात कार्यक्रम को अधिक से अधिक संख्या में देखकर रिकॉर्ड बनाएं।



हल्द्वानी में 'मन की बात' कार्यक्रम को लेकर पत्रकारों से बातचीत करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी अब तक मन की बात कार्यक्रम में उत्तराखंड का 16 बार जिक्र कर चुके हैं। उन्होंने राज्य की संस्कृति, स्टार्टअप, जैव विविधता व आध्यात्मिक पर्यटन की संभावनाओं के बारे में बताया। भट्ट ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम का 100वां एपिसोड उत्तराखंड में रिकार्ड दर्ज करेगा। रविवार को होने वाले 100वें एपिसोड को देखने का रिकॉर्ड बनाकर जनता को राज्य को पहले स्थान पर लाना है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी नैनीताल में पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव महेन्द्र पांडे भी मौजूद रहेंगे। यहां भाजपा के प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र सिंह बिष्ट, मेयर जोगेन्द्र सिंह रौतेला, जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, सह मीडिया प्रभारी चंदन सिंह बिष्ट, प्रदेश प्रवक्ता हेमंत द्विवेदी मौजूद रहे।

**कैबिनेट से जमरानी को जल्द मिलेगी मंजूरी**

केंद्रीय राज्यमंत्री अजय भट्ट ने कहा कि हल्द्वानी की महत्वाकांक्षी जमरानी बांध परियोजना पर केंद्रीय कैबिनेट से मंजूरी मिलते ही कार्य शुरू हो जाएगा। उन्होंने उम्मीद जाहिर की है कि अगली कैबिनेट में परियोजना को मंजूरी मिल जाएगी। केंद्र से बजट मिलते ही योजना पर कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

**कर्नाटक में भाजपा को कोई नुकसान नहीं**

अजय भट्ट ने कर्नाटक में हो रहे विधान सभा चुनाव में उपमुख्यमंत्री के पार्टी छोड़ने के बारे में पूछे जाने पर कहा कि भाजपा कैडर वाली पार्टी है। किसी के पार्टी छोड़ने से भाजपा को कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। कर्नाटक चुनाव में भाजपा बेहतर प्रदर्शन करेगी।

चुनाव का रिजल्ट आने के बाद लोगों को पता चल जाएगा कि कर्नाटक में कांग्रेस मजबूत है या फिर भाजपा।

**महिला पहलवानों को मिलेगा न्याय**

केंद्रीय राज्यमंत्री अजय भट्ट ने महिला पहलवानों के उत्पीड़न पर भाजपा के अपने सांसद का बचाव किए जाने के बारे में पूछे जाने पर कहा कि मामले में पहले से ही गठित कमेटी जांच कर रही है। किसी महत्वपूर्ण पद पर बैठे व्यक्ति पर लगे आरोपों को लेकर तुरंत मुकदमा दर्ज नहीं किया जा सकता।

# सिंगल यूज प्लास्टिक रखने पर 1 लाख रुपये जुर्माना



हल्द्वानी। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और नगर निगम की संयुक्त टीम ने शहर में तीन दिन अलग–अलग जगहों पर अभियान चलाकर सिंगल यूज प्लास्टिक और प्रतिबंधित पॉलीथिन रखने वालों पर कार्रवाई करते हुए एक लाख से अधिक का जुर्माना वसूला है। टीम ने 26 से 29 अप्रैल तक फल मंडी, सब्जी मंडी, मीट मार्केट, फूल मंडी, किराना स्टोर आदि का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान 115.5 किलो प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त की। जिसके एवज में संबंधित प्रतिष्ठान स्वामियों पर एक लाख 1 हजार 900 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मोहम्मद फैसल की अगुवाई वाली टीम ने प्लास्टिक उत्पाद बनाने वाले 5 उद्योगों का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने जरूरी दस्तावेजों की जांच की। संयुक्त निरीक्षण वाली टीम में क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी डॉ. डीके जोशी, उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुश्रवण सहायक योगेश सिंह रावत, नगर निगम सफाई निरीक्षक अमोल असवाल आदि मौजूद रहे।

मॉल को यूजर चार्ज के 45 हजार चुकाने पड़ेंगे

नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने शनिवार को कमलुवागांजा मोड़ से विशेष सफाई अभियान चलाया। इस दौरान रिलायंस मॉल का भी निरीक्षण किया।

नगर आयुक्त ने बताया कि प्रतिष्ठान द्वारा अपना कूड़ा निगम के कलेक्शन वाहन को न देकर अन्य माध्यम से निस्तारित कराया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान मॉल के आसपास कूड़े के ढेर भी मिले। ऐसी स्थिति में रिलायंस मॉल को अप्रैल 2023 का यूजर चार्ज का 45,000 रुपया चुकाने को निर्देशित किया गया है।

साथ ही मई 2023 से 1500 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से कूड़ा उठान का शुल्क निगम के खाते में जमा कराने को भी कहा गया है।

## प्रत्येक बूथ में होगा मन की बात कार्यक्रम

पिथौरागढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 100वें संस्करण को प्रत्येक बूथ में सुना जाएगा। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी ने भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता की। प्रवक्ता जोशी ने कहा कि तीन अक्टूबर 2014 को प्रधानमंत्री मोदी ने पहली बार देश को मन की बात से संबोधित किया था। कल यह 100वीं श्रंखला होगी जिसमें 100 रुपये का डॉलर का भी विमोचन किया जाएगा। कहा कि पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दे दी गई है जिसमें 100 लोगों की उपस्थिति तय की गई है।

# तहसील परिसर में गरजे दुग्ध उत्पादक

अल्मोड़ा। लंबित मांगों के निराकरण को लेकर दूनागिरी–दूधोली क्षेत्र के दुग्ध उत्पादकों ने शनिवार को तहसील परिसर में धरना दिया। मांगों के निराकरण को लेकर नारेबाजी की। संगठन के अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट के नेतृत्व में तहसील प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री व दुग्ध विकास मंत्री को ज्ञापन भेजा। मांगें जल्द पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

ज्ञापन में दुग्ध उत्पादकों ने पर्वतीय क्षेत्र में दुग्ध प्रोत्साहन राशि 6 रुपया प्रति लीटर करने, वर्ष 2022–23 का भुगतान करने, दुग्ध समितियों के सचिवों की प्रोत्साहन राशि 2 रुपये प्रति लीटर करने के साथ पिछले वर्ष का भुगतान करने, अक्टूबर 2016 से मार्च 2017 तक की दुग्ध प्रोत्साहन राशि का अविलंब भुगतान करने की मांग की। इसके अलावा दुग्ध उत्पादकों ने कहा कि दुग्ध संघ अल्मोड़ा को जिला योजना से पशु चिकित्सा अनुदान न मिलने से बाजार से दवाईयां खरीद कर पशुओं का उपचार करने को विवश हैं।

जिसको देखते हुए उन्होंने चिकित्सा अनुदान दिये जाने के निर्देश देने, पशु आहार की कीमतों में भारी बृद्धि पर रोष जताते हुए बढ़ी कीमतों को वापस लेने व पशु आहार 50% अनुदान पर देने, दुग्ध संघ अल्मोड़ा के घाटे में होने से दुग्ध उत्पादकों व कर्मचारियों को दो माह विलम्ब से भुगतान को पाटने हेतु सरकार से आवश्यकता अनुसार अनुदान या सरल ऋण देने, दुग्ध संघ अल्मोड़ा की वित्तीय अनियमितताओं के जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्यवाही सुनिश्चित करने की मांग की। चेतावनी देते हुए कहा कि 12 सूत्रीय मांगों पर 15 दिनों के भीतर कार्यवाहीं न होने पर दुग्ध उत्पादक दुग्ध आपूर्ति रोकने को बाध्य होगें। यहां दुग्ध उत्पादक सचिव विकास संगठन अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट, ब्रहमानंद डालाकोटी, चंद्र शेखर जोशी, महेश पंत, निरंजन बिष्ट, प्रताप सिंह, रविंद्र सिंह खाती, तारा बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# ब्रेन हेमरेज से धुमाकोट थाने में तैनात कांस्टेबल की मौत



जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : धुमाकोट थाने में तैनात कांस्टेबल गणेश चंद्र की ब्रेन हेमरेज के कारण मौत हो गई। गणेश चंद्र को तीन दिन पूर्व धुमाकोट चिकित्सालय से हायर सेंटर रेफर किया गया था। निधन पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित अन्य पुलिस कर्मी व अधिकारियों ने शोक व्यक्त किया है। जनपद चमोली के अंतर्गत ग्राम तिलफारा निवासी गणेश चंद्र वर्ष 2001 में उत्तराखंड पुलिस में भर्ती हुए थे। वर्तमान में वह धुमाकोट थाने में अपनी सेवाएं दे रहे थे। 27 अप्रैल को रात्रि ड्यूटी के दौरान अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई थी। जिसके बाद उन्होंने धुमाकोट स्थित सरकारी अस्पताल लाया गया। चिकित्सकों के अनुसार, गणेश चंद्र के सिर में क्लोटिंग होकर रक्त जमा हुआ था, जिसके बाद उन्हें तत्काल 108 की मदद से काशीपुर ले जाया गया। 28 अप्रैल को उनके सिर का आपरेशन भी किया गया। लेकिन, 29 अप्रैल को सुबह करीब सात बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। गणेश चंद्र की मौत पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व अन्य पुलिस कर्मी व अधिकारियों ने शोक व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा शांति के लिए प्रार्थना की।

### शराब तस्करी में तीन लोग गिरफ्तार

ऋषिकेश। शराब तस्करी के आरोप में पुलिस ने दो महिलाओं समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्रभारी निरीक्षक खुशी राम पांडे ने बताया कि मायाकुंड से गौरव उर्फ भट्टी पुत्र बलवीर सिंह को देसी शराब के 41 पव्वों के साथ गिरफ्तार किया गया। चंद्रेश्वरनगर से गुड़िया पत्नी सुरेंद्र को अंग्रेजी शराब की एक पेटी के साथ पकड़ा गया। ऋषिकेश–दूनमार्ग स्थित जंगलात बैरियार से कृष्णा पत्नी स्व. राजे निवासी जाटव बस्ती, ऋषिकेश को देसी शराब के 50 पव्वों के साथ पकड़ा गया।

## सांसद 2 मई को लेगें दिशा की बैठक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : गढ़वाल सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत आगामी 2 मई को एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर रहेंगे। इस दौरान सांसद जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ दिशा की बैठक लेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सांसद 2 मई को प्रातः 10 बजे श्रीनगर से प्रस्थान 11 बजे रुद्रप्रयाग पहुंचेंगे। इसके बाद विकास भवन सभागार में 11:30 बजे जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में प्रतिभाग करेंगे। इसके पश्चात् सांसद अपराह्न 3 बजे जनपद चमोली के लिए प्रस्थान करेंगे।

# प्रदेश को जल्द मिलेंगे 76 डॉक्टर, यात्रा पड़ाव के अस्पतालों और दुर्गम क्षेत्रों में होगी तैनाती

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीनगर मेडिकल कॉलेज से प्रशिक्षित एमबीबीएस डॉक्टरों की एक साल की जूनियर डॉक्टर के रूप में सेवा पूरी होने के बाद प्रदेश के विभिन्न अस्पतालों को 76 डॉक्टर मिलेंगे। इन डॉक्टरों को चारधाम यात्रा पड़ावों के अस्पतालों एवं प्रदेश के दुर्गम क्षेत्र तैनाती दी जाएगी। श्रीनगर मेडिकल कॉलेज से बांडधारी 76 डॉक्टरों की सूची मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण महानिदेशक को भेज दी है।

राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर से एमबीबीएस पास आउट छात्रों को एक साल की इंटर्नशिप तथा एक साल तक जूनियर डॉक्टर की सेवा देने के बाद प्रदेश के विभिन्न अस्पतालों में तैनात किया जाता है। मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस बैच 2016 के 76 डॉक्टरों की सूची मेडिकल कॉलेज प्रशासन से चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण महानिदेशालय के लिए भेज दी है। जहां से इन्हें टिहरी, उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग आदि जिलों के अस्पतालों में भेजा जाएगा। अस्पतालों को डॉक्टर मिलने पर चारधाम यात्रा के दौरान चिकित्सा सेवा सुदृढ़ हो पाएगी, जबकि पर्वतीय क्षेत्र के अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी दूर होगी। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीएमएस रावत ने बताया कि मेडिकल कॉलेज से 76 डॉक्टरों को प्रदेश के विभिन्न अस्पतालों में तैनाती करने हेतु सूची चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण महानिदेशालय को प्रेषित कर दी है। महानिदेशालय से ही डॉक्टरों को अस्पताल आवंटित किए जाएंगे। प्रदेश के सवास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश में चिकित्सा सेवा को ठीक करने के लिए लगातार उत्तराखंड सरकार प्रयास कर रही है। प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों से प्रशिक्षित डॉक्टरों को प्रदेश के सीएचसी और पीएचसी में तैनात कर पर्वतीय क्षेत्रों में डॉक्टरों की तैनाती व चिकित्सकीय उपकरण देकर चिकित्सा सेवा को सुदृढ़ बनाया जा रहा है। चारधाम यात्रा के दौरान यात्रा मार्ग से जुड़े अस्पतालों में डॉक्टर तैनात होने से तीर्थ यात्रियों को बेहतर चिकित्सा सेवा मिलेगी। (एजेंसी)

# पायलट प्रोजेक्ट पर व्यापारियों की आपत्ति, निगम ने खींचे हाथ पीछे

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीनगर में नगर निगम की ओर से दुकानों के बाहर ढाई फीट पटरी पर इंटरलॉक टाइल्स, चेन, पोल व लाइट लगाए जाने के पॉयलट प्रोजेक्ट फिलहाल फेल हो गया है।

व्यापारियों की आपत्ति के कारण नगर निगम ने इस प्रोजेक्ट पर काम करने से हाथ पीछे खींच दिए हैं। जबकि करीब 15 लाख के इस प्रोजेक्ट के लिए टेंडर की प्रक्रिया भी हो गई थी।

नगर को सुंदर व व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम की ओर से लखनऊ के हजरतगंज मार्केट की तर्ज पर पहले चरण में काला रोड और गोला बाजार में दुकानों के बाहर ढाई फीट पटरी पर पायलट प्रोजेक्ट के तहत कार्य कर इसे पैदल राहगीरों के चलने के लिए बनाए जाने की योजना थी। इसके लिए बकायदा नगर निगम की ओर से टेंडर भी आमंत्रित किए गए थे।

लेकिन हित प्रभावित होते देख व्यापारियों ने इस योजना के परवान चढ़ने से पहले ही विरोध दर्ज कर दिया। व्यापार सभा के जिला अध्यक्ष वासुदेव कंडारी के मुताबिक पायलट प्रोजेक्ट के तहत होने वाले कार्य को लेकर व्यापारियों का विरोध था। कहा व्यापारियों का कहना है कि इससे दुकानों के बाहर पटरी घिर जाने से आने-जाने सहित सामान रखने की दिक्कत सामने आ रही थी। कई जगहों पर पटरी संकरी होने की बात भी सामने आई है। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में नगर निगम से वार्ता की गई है। जिस पर निगम की ओर से सकारात्मक आश्वासन मिला है। नगर निगम के स्वास्थ्य निरीक्षक शशि पंवार का कहना है कि इस पायलट प्रोजेक्ट के तहत नाली से अंदर ढाई फीट पटरी पर इंटरलॉक टाइल्स, चेन, छोटे पोल व लाइन लगनी प्रस्तावित थी, लेकिन व्यापारियों की ओर से इस पर आपत्ति आने से फिलहाल कार्य को रोक दिया गया है। (एजेंसी)

## मजदूर दिवस पर उपनल कर्मी निकालेगें कैंडल मार्च

श्रीनगर गढ़वाल : उपनल महासंघ के प्रदेश संगठन मंत्री महेश चंद्र ने कहा कि संगठन 1 मई मजदूर दिवस के दिन उपनल महासंघ द्वारा कैंडल मार्च निकाला जाएगा। यह कैंडल मार्च कार्यक्रम देहरादून सहित प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालय में किया जाएगा। उसके बाद जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश के समस्त विभागों में कार्यरत उपनल कर्मचारियों द्वारा शांतिपूर्वक तरीके से प्रतिभाग किया जाएगा। देहरादून में लगभग 800 से 1000 उपनल कर्मचारियों द्वारा 1 मई की सांय को कैंडल मार्च निकाला जाएगा। जिसमें प्रदेश स्तर के समस्त पदाधिकारी व सदस्य शामिल रहेंगे। कहा सरकार की ओर से उपनल कर्मचारियों के हितों की अनदेखी की जा रही है। न्यूनतम मानदेय के बावजूद समस्त विभागों में उपनल कर्मी तन-मन से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कहा वेतन बढ़ाने के बजाय सरकार विभागों से उपनल कर्मियों को हटाने का काम कर रही है। जिसका संगठन की ओर से घोर विरोध है। (एजेंसी)

## 63 छात्रों ने दी नवोदय प्रवेश परीक्षा

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : अटल आदर्श राजकीय इंटर कालेज धुमाकोट केंद्र में जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई। प्रधानाचार्य दर्शन कुमार ने बताया कि कुल 63 छात्र-छात्राएं प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए, जबकि पंजीकृत 139 थे। उन्होंने कहा कि परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई। इस मौके पर जवाहर नवोदय के प्रतिनिधि मदन सिंह, कुसुमलता सहित विद्यालय से ड्यूटी पर तैनात शिक्षक आदि मौजूद रहे।

## पॉलीटेक्निक क्वांसी में इस सत्र से सिविल इंजीनियरिंग कोर्स शुरु

विकासनगर। राजकीय पॉलिटेक्निक क्वांसी में इस सत्र से सिविल इंजीनियरिंग की भी पढ़ाई होगी। सरकार की ओर से मान्यता मिलने पर स्थानीय लोगों ने प्रदेश सरकार और जिला पंचायत अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने मार्च माह में जिला पंचायत अध्यक्ष मधु चौहान के सम्मुख क्वांसी पॉलिटेक्निक में सिविल इंजीनियरिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कोर्स को शुरू कराने की मांग की थी। उन्होंने लोगो की इस मांग को तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल तक पहुंचाया। मांग पर त्वरित कार्यवाही करते हुए क्वांसी स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक में 40 छात्रों की प्रवेश क्षमता के साथ इस सत्र से सिविल इंजीनियरिंग का कोर्स शुरू कर दिया है। तकनीकी शिक्षा विभाग के निदेशक आरपी गुप्ता ने इस आशय के आदेश जारी कर दिए हैं।

# स्वास्थ्य विभाग ने 1113 श्रद्धालुओं का किया उपचार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : स्वास्थ्य विभाग ने शनिवार को 1113 श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया। यात्रा मार्ग पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से चिकित्सकों की तैनाती की गई है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसीएस मार्तोलिया ने बताया कि श्री केदारनाथ धाम में दर्शन करने आ रहे श्रद्धालुओं में यदि किसी का स्वास्थ्य खराब हो जाता है तो स्वास्थ्य विभाग द्वारा तत्परता से स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए उपचार किया जा रहा है। यात्रा मार्ग से श्री केदारनाथ धाम तक चिकित्सकों की तैनाती की गई है। चिकित्सकों द्वारा ओपीडी के माध्यम से श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शनिवार को 1113 श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार कराया गया, जिसमें 1012 पुरुष तथा 101 महिलाएं शामिल हैं। अब तक ओपीडी के माध्यम से 4951 श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया है, जिसमें 4484 पुरुष तथा 467 महिलाएं शामिल हैं। शनिवार को 58 यात्रियों को ऑक्सीजन उपलब्ध कराया गया।

# साहित्य संगोष्ठी में जुटेंगे 47 देशों के 500 से अधिक प्रतिनिधि




ऋषिकेश। पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री और साहित्यकार रमेश पोखरियाल निशंक के साहित्य पर परमार्थ निकेतन में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी एक मई से शुरू होगी।

संगोष्ठी में 47 देशों के 500 से अधिक साहित्यकार, शिक्षाविद् प्रतिभाग करेंगे। शनिवार को संयुक्त यात्रा बस अड्डा परिसर स्थित प्रेस क्लब में पूर्व मंत्री के जनसंपर्क अधिकारी राजेश नैथानी ने पत्रकारवार्ता में बताया कि दो दिवसीय साहित्य संगोष्ठी में पूर्व केंद्रीय मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक के साहित्य पर मंथन किया जाएगा। बताया कि हिमालय विरासत न्यास की ओर से विगत 16 फरवरी 2021 से रविवारीय पुस्तक वार्ता डॉ. निशंक का रचना संसार नाम से निर्बाध रूप से ऑनलाइन वेबीनार प्रत्येक रविवार की शाम 4 से 5 बजे तक आयोजित किया जाता रहा है। एक साहित्यकार के साहित्य पर सबसे लंबी चर्चा के लिए 50 श्रृंखलाएं पूरी होने पर वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड और 75 श्रृंखलाएं पूर्ण होने पर हावर्ड वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हो चुका है।

नैथानी ने बताया कि आगामी 30 अप्रैल को 108 श्रृंखलाएं पूरी हो रही है। इस उपलक्ष्य में 1 और 2 मई को दो दिवसीय साहित्य संगोष्ठी का आयोजन स्वर्गाश्रम स्थित परमार्थ निकेतन में आयोजन किया जा रहा है।

## लोहे की रॉड से युवक को पीटा

ऋषिकेश। संयुक्त यात्रा बस अड्डे पर सवारियों को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। इस दौरान मामला इतना बढ़ा कि एक युवक को चार लोगों ने लोहे की रॉड से वार कर जख्मी कर दिया। जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक बलराम पुत्र स्व. मूलचंद पाल निवासी नंदूफार्म ऋषिकेश ने शिकायत दी कि उनका बेटा अमित बस अड्डे पर ट्रैवल ऑफिस के बाहर खड़ा था। इस बीच कुछ सवारियों से बातचीत के दौरान चार लोग मौके पर आ धमके। उन्होंने सवारियों को ले जाने को लेकर कहासुनी शुरू कर दी। विरोध करने पर पहले गाली–गलौज हुई और फिर लोहे की रॉड से अमित पर हमला कर उसे जख्मी कर दिया।

# दिव्यांग व्यक्तियों को कार्यालयों में जाने–जाने में अब नहीं होगी असुविधा

## डीएम ने विभिन्न विभागों को बांटी व्हील चेयर




जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : जिले के विभिन्न विभागों में अपनी समस्याओं एवं कार्यों के लिए आने वाले दिव्यांग व्यक्तियों को कार्यालयों में आने जाने में किसी प्रकार की परेशानी एवं असुविधा नहीं होगी, इसलिए जिलाधिकारी ने विशेष सुविधा उपलब्ध कराई है। शनिवार को जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने जिला कार्यालय परिसर में विभिन्न विभागों को व्हील चेयर वितरित की। जिला कार्यालय परिसर में व्हील चेयर वितरण के अवसर पर भू-वैज्ञानिक/उप निदेश-ाक डॉ. दीपक हटवाल ने बताया कि जनपद में विभिन्न विभागों में अपने कार्यों एवं समस्याओं को लेकर आने वाले दिव्यांग व्यक्तियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो उनकी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी ने जिला खनिज फाउंडेशन न्यास निधि से 3 लाख, 33 हजार, 2 सौ की धनराशि समाज कल्याण को स्वीकृत की गई। समाज कल्याण विभाग द्वारा 34 व्हील चेयर क्रय की गई। जिन्हें जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न विभागों को जिला कार्यालय परिसर में वितरित किया। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों को व्हील चेयर उपलब्ध कराए जाने से दिव्यांग जनों को विभिन्न कार्यालयों में आने-जाने में अब किसी प्रकार की कोई असुविधा नहीं होगी। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसीएस मार्तोलिया, जिला समाज कल्याण अधिकारी हर्षवर्धन भट्ट, अधिशासी अभियंता लोनिवि जेएस रावत, ऊखीमठ मनोज भट्ट, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार आदि मौजूद रहे।

# व्यापारियों को दो हजार बार कोड वितरित किये



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : केदारनाथ धाम में प्लास्टिक रैपर एवं प्लास्टिक की बोतल को ग्राहकों को वापस करने के लिए रिसाइकिल संस्था एवं जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से चलाए जा रहे। पानी की बोतल एवं अन्य मल्टीलेयर प्लास्टिक की पैकिंग वाली सामग्री पर बार कोड लगाए जाने के लिए बार कोड वितरित किए जाने का अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें ग्राहक द्वारा 10 रुपए अतिरिक्त अदा किया जाएगा। बोतल पर चिन्हित स्थान पर वापस करने एवं बार कोड स्कैन करने पर 10 रुपए वापस उपलब्ध कराए जाएंगे। शनिवार को लगभग 2 हजार बार कोड व्यापारियों को वितरित किए गए। सभी से आग्रह किया गया है कि सभी लोग यह बार कोड लगाकर ही अपनी पानी की बोतल व अन्य पेय की बोतलें बेचें। जिससे कि केदारनाथ धाम एवं यात्रा मार्ग में साफ-सफाई एवं स्वच्छ वातावरण बना रहे।

जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के उचित निस्तारण हेतु सहायक निदेशक शहरी विकास विनोद कुमार की अध्यक्षता में व्यापार संस्था, केदारसभा व व्यापारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सहायक निदेशक शहरी विकास ने स्वच्छ भारत मिशन, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स 2016, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट रूल में नागरिकों के निर्धारित कर्तव्य एवं कूड़ा फेंकना एवं थूकना प्रतिषेध अधिनियम 2016 के विषय की जानकारी दी। बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि सभी व्यापारी अपने व्यापारिक अधिष्ठान में कूड़ा दान रखेंगे, सारा कूड़ा कूड़ेदान में ही डालेंगे तथा समस्त श्रद्धालुओं को भी कूड़ेदान में कूड़ा डालने हेतु प्रेरित करेंगे। बैठक में अध्यक्ष व्यापार संस्था चंडी प्रसाद तिवारी, अध्यक्ष केदारसभा राजकुमार तिवारी, मुकेश कुमार, रिसाइकिल कंपनी के सदस्य आशीष कुमार, हिमानी, नगर पंचायत केदारनाथ से मुकेश कुमार, अनिल कुमार एवं अन्य व्यापारीगण उपस्थित रहे।

## सीएम का जताया आभार

जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली : राज्य आंदोलनकारियों की मृत्यु के बाद आश्रितों को भी पेंशन देने के निर्णय पर नयार घाटी चिन्हित आंदोलनकारी समिति ने मुख्यमंत्री का आभार जताया है। समिति के अध्यक्ष पुष्पेंद्र राणा ने कहा कि जब से पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री का पद संभाला है वह लगातार आंदोलनकारियों के हित में सोच रहे हैं। इस मौके पर जगदीश बिष्ट, विनोद धस्माना, होशियार सिंह, दीपक शर्मा आदि मौजूद रहे।

## प्रोविजन स्टोर में चोरी का आरोपी गिरफ्तार

ऋषिकेश। हीरालाल मार्ग पर प्रोविजन स्टोर पर सेंध लगाकर 95 हजार रूपये की चोरी करने के आरोप में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। तलाशी में पुलिस ने आरोपी से करीब 94 हजार 500 रूपये और आवश्यक दस्तावेज बरामद किए हैं। कोतवाली पुलिस के मुताबिक 28 अप्रैल को प्रोविजन स्टोर संचालक विवेक गोयल ने चोरी की शिकायत दी थी, जिस पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पहचान के प्रयास शुरू किए गए।

# ऋषिकेश में होटल, रिजॉर्ट और कैंप पर्यटकों से फुल



ऋषिकेश। तीर्थनगरी ऋषिकेश में अप्रैल के आखिरी वीकेंड शनिवार को होटल, रिजॉर्ट और कैंप फुल रहे। रविवार को भी यही स्थिति रहेगी। ऋषिकेश में होटल, रिजॉर्ट नहीं मिलने पर कई पर्यटकों ने पहाड़ों की रानी मसूरी का रुख किया। ऋषिकेश में बड़ी संख्या में पर्यटकों की भीड़ उमड़ने से पर्यटन से कारोबारियों के चेहरे खिले नजर आए। मैदानी इलाकों में गर्मी असर दिखाने लगी है। वहीं कई स्कूलों में गर्मियों की छुट्टियां भी पड़ने लगी है, जिससे हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, एनसीआर आदि इलाकों से पर्यटक शनिवार और रविवार वीकेंड पर सैर सपाटे के लिए तीर्थनगरी ऋषिकेश पहुंच रहे हैं। इस बार अप्रैल के अंतिम वीकेंड पर पर्यटकों का हुजूम उमड़ने से होटल, रिजॉर्ट और कैंपो की बुकिंग वीकेंड से एक दिन पहले ही फुल हो गई। स्थिति यह रही कि शनिवार को तीर्थनगरी पहुंचे कई पर्यटकों को होटल, रिजॉर्ट में रूम तो दूर डोर मेट्री तक नहीं मिली। ऐसे में उन्होंने निराश होकर मसूरी और अन्य पर्यटक स्थलों का रूख किया। ऋषिकेश सर्किल होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय बिष्ट ने बताया कि यह पहला वीकेंड है जब बड़ी संख्या में पर्यटक उमड़े हैं। मई और जून में इस बार पर्यटकों की संख्या और बढ़ेगी, जिससे कोरोना के कारण मंदी से जूझ रहे पर्यटन कारोबार में तेजी आएगी। कैंप संचालक वैभव थपलियाल ने बताया कि कैंपों में भी यही स्थिति रही।

# बहुउद्देशीय शिविर में सड़क, शिक्षा, विद्युत, पीएम आवास के मुद्दे छाएं, ग्रामीणों ने दर्ज कराई 64 शिकायतें




जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : जन समस्याओं एवं शिकायतों का स्थानीय स्तर पर निस्तारण हेतु शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी डा .ललित नारायण मिश्र की अध्यक्षता में विकासखंड कर्णप्रयाग के ग्राम बैनोली में बहुउदेशीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में क्षेत्रीय जनता ने 64 शिकायतें दर्ज की। जिसमें से अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

बहुउदेशीय शिविर में लगे विभागीय स्टॉलों के माध्यम से 255 से अधिक लोगों को लाभान्वित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि बहुउदेशीय शिविरों के माध्यम से आम जनता की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निस्तारण करने के साथ ही विभागीय योजनाओं का लाभ सरलता से आम आदमी तक पहुंचाया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन शिकायतों का प्राथमिकता पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। बहुउदेशीय शिविर में बैनोली, डुंग्री, तोली, कल्याडी, नौटी, नैणी, सिमल्ट, एरोली, मलेठी, कफलोडी, मालई, पुनगांव आदि गांवों के लोगों ने सड़क, शिक्षा, विद्युत, सामजिक पेंशन, पीएम आवास, भूमि का मुआवजा, भूस्खलन, आर्थिक सहायता आदि से जुडी शिकायतें दर्ज की। क्षेत्र वासियों द्वारा उज्ज्वलपुर-बैनोली मोटर मार्ग पर आटागाड गदेरे में पुल निर्माण, कनोठ-नैणी मोटर मार्ग निर्माण, नंदासैंण-मालई मोटर मार्ग पर काश्तकारों की भूमि का मुआवजा न मिलने, मटियाला-कृषाल मोटर मार्ग बड़े वाहनों के लिए सुचारू करने, एरोली मोटर मार्ग का जल्द से जल्द डामरीकरण की मांग को लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने संबधित सडक निर्माणदायी संस्थाओं को तत्काल समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। जू.हा.डुंग्री में पुस्ता निर्माण न होने की समस्या पर सीईओ ने बताया कि इसके लिए धनराशि जारी कर दी गई है। बैनोली तथा नौटी में प्रा.वि. भवन जीर्णशीर्ण स्थिति में होने की शिकायत पर शिक्षा विभाग को लोनिवि के साथ संयुक्त निरीक्षण कर विद्यालय भवन की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। ग्राम एरोली में विद्युत आपूर्ति न होने की समस्या पर विद्युत विभाग को ट्रासफार्मर बदलने व विद्युत लाईन को ठीक करने के निर्देश दिए।

**सूचना**

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र आयुष सिंह के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम श्रीमती संजना देवी दर्ज हो गया है, जो कि गलत है। जबकि मेरा सही सही व वास्तविक नाम संजू देवी है, जो कि आधार कार्ड में भी दर्ज है। अतः मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा सही व वास्तविक नाम संजू देवी अंकित कर जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाय।

**संजू देवी पत्नी लक्ष्मण सिंह निवासी ग्रास्टनगंज, पटटी सनेह, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड**

## नीतीश कुमार का मिशन



कुछ अपवादों को छोड़ कर लगभग पूरे विपक्ष में इस रणनीति पर भरोसा बना हुआ है कि अगर 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ हर चुनाव क्षेत्र में सिर्फ एक विपक्षी उम्मीदवार खड़ा किया जाए, तो उसे शिकस्त दी जा सकती है। अब भाजपा से नाराज हो कर अगले आम चुनाव में विपक्ष के लिए प्रचार करने का एलान कर चुके जम्मू–कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने भी इस हफ्ते दिए एक इंटरव्यू में यह बात दोहराई। अपनी इस बात के पक्ष में उन्होंने 1977 और 1989 के आम चुनावों का हवाला दिया। इस समझ की झलक नीतीश कुमार की ताजा पहल में स्पष्ट है, जिन्होंने पूरे विपक्ष को एकजुट करने की मुहिम शुरू कर दी है।

उन्होंने शुरुआत बुधवार को कांग्रेस नेताओं से बातचीत करके की और उसी शाम आम आदमी पार्टी के नेतृत्व को भी सहभागी बना लिया। उनकी पहल का सिद्धांत यह है कि हर गैर–भाजपा पार्टी से संपर्क किया जाएगा– यानी गैर–भाजपा होने के अलावा ऐसी कोई कसौटी नहीं है, जिसके आधार पर किसी से दूरी बनाई जाएगी। इस तरह 'लोकतंत्र की रक्षाइ के लिए व्यापकतम विपक्षी एकता कायम की जाएगी। कहा जा सकता है कि इस पहल का मकसद नेक है।

इसके लिए अपनाई गई कसौटी भी तार्किक लगती है। लेकिन क्या कांग्रेस के खिलाफ दो बार कारगर रही रणनीति इस बार भी सफल होगी, यह प्रश्न चुनाव नतीजे आने तक बना रहेगा। इसकी कई वजहें हैं। इनमें प्रमुख यह है कि जब तक विपक्षी एकता से हर प्रदेश में विपक्षी वोटों का गणित जुडने़ की सूरत नहीं बनती, एकता महज इरादों में रह जाती है। जिन राज्यों में वोटों का जुड़ाव फर्क डाल सकता है, वहां विभिन्न पार्टियां गठबंधन सहयोगी को अपने वोट ट्रांसफर करवा पाने की क्षमता पिछले चुनावों में संदिग्ध हो चुकी है।

सबसे बड़ी बात यह कि नैरेटिव पर पूरे कंट्रोल के कारण भाजपा के खिलाफ कोई वैसा जनाक्रोश नहीं दिखता, जैसा 1977 या 1989 में कांग्रेस के खिलाफ था। और फिर विपक्ष के पास 'नरेंद्र मोदी हटाओइ के अलावा कोई कार्यक्रम संबंधी एकता नहीं है। ऐसे में आशंका है कि आम मतदाता इस एकजुटता को एक नकारात्मक प्रयास के रूप में देखेंगे।

# क्या आदिवासी आपके प्रयोग के चूजे हैं?

**एक बात और!वह भी बहुत ही मजेदार!इन दिनों देश और प्रदेश में सत्तारूढ़ दल आदिवासियों को लेकर बड़े बड़े दावे कर रहा है।आदिवासी महिला को राष्ट्रपति की कुर्सी पर बैठाने का श्रेय बड़े बड़े विज्ञापन देकर,बड़ी बड़ी सभाओं में बड़े बड़े कर्णधारों द्वारा लिया जा रहा है। आदिवासी समाज के शिखर पुरुषों को लेकर बड़ी बड़ी घोषणाएं की जा रही हैं।खुद मुख्यमंत्री पेसा योजना का प्रचार करते गांव गांव घूम रहे हैं।लेकिन क्या उन्होंने और उनके अफसरों ने आदिवासियों और उनकी सामाजिक रवायतों को समझने की कोशिश की है? आदिवासियों के बीच उनकी मातृ संस्था लंबे समय से काम कर रही है।आजादी से पहले ईसाई मिशनरियों ने जो काम शुरू किया वही अब किया जा रहा है।उन्होंने लालच देकर आदिवासियों को ईसाई बनाया।अब उन्हें संघी हिंदू बनाने की मुहिम चल रही है। खासतौर पर 2003 के बाद यह मुहिम एक साथ कई स्तरों पर चल रही है।देश में रहने वाले हर व्यक्ति को हिंदू बताते हुए आदिवासियों को राम और कृष्ण से जोडने़ का काम युद्धस्तर किया जा रहा है।इस काम में मातृ संस्था की पूरी मदद राज्य सरकार और उसकी मशीनरी कर रही है।**

**अरुण दीक्षित**



वह कोई बड़ी खबर नही थी! इसीलिए मीडिया की सुर्खियों में नही आई! न ही चुनावी मोड में चल रही राज्य सरकार को यह लगा कि आदिवासियों की बेटियां भी लाडली की श्रेणी में आ सकती हैं।यही वजह है कि सरकारी अफसरों की सनक में सार्वजनिक घृणित अपमान की शिकार हुई दो सौ से ज्यादा किशोरियों के मुद्दे पर सब मौन से हैं।

सवाल यह भी है कि क्या राज्य सरकार और उसके अफसर आदिवासी समाज की रवायतों को बदलने की कोशिश कर रहे हैं।साथ ही यह भी कि क्या यह सब किसी एजेंडे के तहत किया जा रहा है!क्या उन्हें पता नही है कि आदिवासी हिंदू पर्सनल लॉ के दायरे में नहीं आते हैं।

पहले बात आदिवासी युवतियों के अपमान की!आखातीज के दिन राज्य के अन्य जिलों की तरह आदिवासी बहुल डिंडोरी जिले में भी मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह का

आयोजन किया गया था।इस योजना के तहत सरकार नव विवाहित जोड़े को 6 हजार रुपए का घरेलू सामान और 49 हजार रुपए नकद देती है।यह राशि नवदंपति के बैंक खाते में जमा की जाती है।

बताते हैं गड़ा सराय इलाके में हुए इस आयोजन में कुल 224 जोड़े शामिल हुए!अफसरों ने यह सुनिश्चित करने के लिए कि कोई विवाहित जोड़ा इस योजना का लाभ न उठा ले,सभी 224 लड़कियों का प्रेगनेंसी टेस्ट करा डाला।टेस्ट के बाद 5 लड़कियों को शादी से रोक दिया गया क्योंकि जांच में वे गर्भवती पाईं गईं।उन्हें बिना विवाह के घर भेज दिया गया!

हालांकि उन लड़कियों ने यह माना कि वे जिन युवकों से शादी करने जा रही हैं,उनके साथ कुछ महीनों से रह रही हैं।आदिवासी समाज में यह आम रिवाज है।उनके मां बाप को उस पर आपत्ति नहीं थी।लेकिन शादी कराने वाले अफसरों को हो गई।

इस घटना को खुद जिले के कलेक्टर ने स्वीकार किया।उन्होंने कहा कि 5 गर्भवती लड़कियों को विवाह स्थल पर योजना से बाहर किया गया।प्रेगनेंसी टेस्ट को उन्होंने एक शानदार कहानी से जोड़ा।साथ ही यह भी बताया कि आदिवासियों में सिकल सेल एनीमिया की बीमारी होती है।इसी वजह से सभी जोड़ों के स्वास्थ्य की जांच कराई गई।

विवाह आयोजन से जुड़े दूसरे अधिकारियों ने यह साफ कहा कि विवाह के पहले प्रेगनेंसी टेस्ट कराना अनिवार्य है।ताकि कोई विवाहित जोड़ा योजना का गलत लाभ न ले ले!

कांग्रेस के स्थानीय आदिवासी विधायक ने इस जांच का विरोध किया।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने भी इस टेस्ट पर आपत्ति जताई।लेकिन सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया।

यह भी पता चला है कि 2013 में भी अधिकारियों ने आदिवासी युवतियों के इसी तरह के टेस्ट कराए थे।यह टेस्ट आदिवासी बहुल बैतूल और डिंडोरी जिले में ही कराए गए था।तब यह मामला देश की संसद तक पहुंचा था।राज्य सरकार ने मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश भी दिए थे।लेकिन जांच रिपोर्ट का दस साल बाद भी कहीं पता नही है।

अब बात आदिवासी समाज की!आदिवासियों की जितनी भी तरह की जातियां पाई जाती हैं उन सभी में बहुत ही खुलापन है।खास तौर पर सेक्स को लेकर लड़की या महिला को लांक्षित करने या प्रताड़ित करने का रिवाज आदिम समाज में नही है।उनकी एक अलग जीवन शैली है। हर साल होने वाले भगोरिया मेले इसका जीवंत उदाहरण हैं।

अभी भी एक आदिवासी पुरुष दो तीन पत्नियां रख सकता है।वह उनसे बच्चे पैदा करने के बाद कभी भी अपनी सुविधा से शादी कर सकता है।पिछले साल इन्ही दिनों अलीराजपुर जिले के नानपुर गांव के पूर्व सरपंच समरथ मौर्या (भिलाला) ने अपनी तीन प्रेमिकाओं के साथ एक ही मंडप में शादी की थी।वह 15 साल से इन तीनों महिलाओं के साथ रह रहा था।उसके इनसे 6 बच्चे भी हैं।वह भी अपने मां बाप की शादी में शामिल हुए थे।

समरथ ने तब कहा था – पहले पैसे नहीं थे।इसलिए शादी नही कर पाया था।अब संपन्नता आ गई है तो धूमधाम से शादी कर ली।यह शादी पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय रही थी।

आदिवासी समाज के अपने नियम हैं।उनकी अपनी मान्यताएं हैं।सेक्स और महिलाओं को लेकर हिंदू समाज जैसी धारणा और कट्टरता उनमें नही है।इसी वजह से अक्सर लड़के लड़कियां साथ रह कर बच्चे तो पैदा कर लेते हैं।लेकिन समाज को दावत देने के लिए पर्याप्त धन न होने की वजह से वह शादी नही कर पाते हैं।

डिंडोरी में आखातीज को जो हुआ उसने सबसे बड़ा सवाल यही उठाया है कि क्या राज्य सरकार आदिवासी समाज पर अपने नियम थोप रही है।जब लड़का और लड़की के एक साथ एक घर में रहने पर आदिवासी समाज को आपत्ति नहीं है तो अधिकारियों ने उनके विवाह में टांग क्यों अड़ाई ?क्या उनके पास उनकी शादी का कोई प्रमाण था?या फिर कोई गर्भवती युवती अपनी पसंद के लड़के से शादी नहीं कर सकती?जब लड़के को आपत्ति नहीं तो अफसरों को क्यों!सिर्फ इसलिए कि उन्हें सरकारी विवाह योजना का लाभ न मिल सके!

एक बात और!वह भी बहुत ही मजेदार!इन दिनों देश और प्रदेश में सत्तारूढ़ दल आदिवासियों को लेकर बड़े बड़े दावे कर रहा है।आदिवासी महिला को राष्ट्रपति की कुर्सी पर बैठाने का श्रेय बड़े बड़े विज्ञापन देकर,बड़ी बड़ी सभाओं में बड़े बड़े कर्णधारों द्वारा लिया जा रहा है। आदिवासी समाज के शिखर पुरुषों को लेकर बड़ी बड़ी घोषणाएं की जा रही हैं।खुद मुख्यमंत्री पेसा योजना का प्रचार करते गांव गांव घूम रहे हैं।लेकिन क्या उन्होंने और उनके अफसरों ने आदिवासियों और उनकी सामाजिक रवायतों को समझने की कोशिश की है?

आदिवासियों के बीच उनकी मातृ संस्था लंबे समय से काम कर रही है।आजादी से पहले ईसाई मिशनरियों ने जो काम शुरू किया वही अब किया जा रहा है।उन्होंने लालच देकर आदिवासियों को ईसाई बनाया।अब उन्हें संघी हिंदू बनाने की मुहिम चल रही है।

खासतौर पर 2003 के बाद यह मुहिम एक साथ कई स्तरों पर चल रही है।देश में रहने वाले हर व्यक्ति को हिंदू बताते हुए आदिवासियों को राम और कृष्ण से जोडने़ का काम युद्धस्तर किया जा रहा है।इस काम में मातृ संस्था की पूरी मदद राज्य सरकार और उसकी मशीनरी कर रही है।

अब तो उन आदिवासियों से आरक्षण और अन्य सुविधाएं छीनने की भी मुहिम चलाई जा रही है जो ईसाई बन गए हैं।इसके लिए एमपी और छत्तीसगढ़ में बड़े प्रदर्शन भी किए जा चुके हैं।

आदिवासियों को हिंदू खांचे में फिट करने की चौतरफा मुहिम चल रही है। डिंडोरी के अधिकारियों द्वारा प्रेगनेंसी टेस्ट भी इसी अभियान का हिस्सा तो नही है? क्योंकि जिस राज्य में अफसर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के नाम पर खुद करोड़ों खा जाएं वे कुछ भी कर सकते हैं।मजे की बात यह है अफसरों द्वारा फर्जी विवाह खुद मुख्यमंत्री के अपने जिले विदिशा में कराए गए थे।इस घोटाले का खुलासा भी बीजेपी के ही एक विधायक ने विधानसभा में सवाल उठाकर किया था। हंगामे के बाद जांच हुई।घोटालेबाज अफसर और सरकारी कर्मचारी पकड़े गए।जेल भेजे गए।मामले की जांच अभी भी चल रही है।

उधर जेल गए अफसरों के करीबी सूत्रों का कहना है कि उन्होंने जो कुछ किया था वह सब ऊपर के आदेश पर किया था।आदेश के मुताबिक सरकारी खजाने से पैसा निकालना था!इसलिए जो लोग अपने खर्चे पर अपने बच्चों की शादियां कर चुके थे।उन्हें खोजा गया।उन्हें लालच देकर उनके खाते में 51 हजार डाल कर उनसे पैसे वापस ले लिए गए।इस तरह कुछ 6000 शादियां सरकारी आंकड़ों में हुईं।करीब 30 करोड़ रुपए की चपत सरकारी खजाने को लगी।यह भी बताया जाता है कि इसमें से 25 करोड़ तो सीधे ऊपर पहुंचा दिए गए थे।मामला इस लिए खुला क्योंकि एक नेता जी ऊपर की तर्ज पर अपनी भी सेवा चाहते थे।यह खेल 2018 और 2019 में किया गया था।उसके बाद क्या हुआ राम जाने।

जो सरकारी मशीनरी इतना बड़ा खेल कर सकती है वह सिर्फ सरकार के 51 हजार रुपए बचाने के लिए प्रेमी से शादी रचाने आई आदिवासी युवती का प्रेगनेंसी टेस्ट नही करा सकती।या तो वह आदिवासी समाज परंपराओं को नही समझती है या फिर वह निर्देशित एजेंडा चला रही है। सबसे आश्चर्यजनक बात यह है कि चुनावी नैया पार करने के लिए पूरे प्रदेश में घर घर में लाड़ली बहनों की खोज करा रहे प्रदेश के मुखिया भी इस मुद्दे पर मौन हैं।ऐसा लगता है कि सरकारी खजाने से हर महीने एक हजार रुपए देने के वायदे के आगे आदिवासी बहनों का अपमान बहुत हल्का है। रुपया इस अपमान की भरपाई कर देगा? कुछ भी इतना तो तय है कि भाई के राज में सरकारी मशीनरी बहनों की अस्मिता से खेल रही है!लेकिन अजन्मे बच्चों के मामा को कोई फर्क ही नहीं पड़ रहा है।

# घमौरियों से राहत पाने के लिए अपनाएं ये 5 घरेलू नुस्खे



घमौरियों की समस्या तब होती है जब गर्मी के कारण अत्यधिक पसीना आता है, जिससे पसीने की ग्रंथियां बंद हो जाती हैं और पसीना त्वचा में फंस जाता है। चिकित्सकीय भाषा में इस स्थिति को मिलिअरिया कहते हैं। इस स्थिति से सभी उम्र के लोग प्रभावित होते हैं। इसके कारण त्वचा पर छोटे–छोटे लाल रंग के फुंसी जैसे दाने निकल जाते हैं, जिनसे चुभन होती है। आइए आज हम आपको घमौरियों से राहत दिलाने वाले 5 घरेलू नुस्खे बताते हैं।

**एलोवेरा का करें इस्तेमाल**

एलोवेरा के एंटी–बैक्टीरियल और एंटीसेप्टिक गुण घमौरियों से राहत दिलाने में सहायक हैं। यह सूजन को कम के साथ ही लालिमा को भी शांत करता है। एलोवेरा में हाइड्रेटिंग यौगिक भी होते हैं, जो त्वचा को डिहाइड्रेट होने से भी बचाते हैं। लाभ के लिए एलोवेरा जेल को प्रभावित हिस्से पर लगाएं और इसे 15 मिनट तक लगा रहने दें, फिर पानी से त्वचा को अच्छी तरह धो लें। एलोवेरा के ये 5 फेस पैक त्वचा के लिए फायदेमंद हैं।

**ओटमील स्नान करें**

ओटमील त्वचा के लिए एक बेहतरीन एक्सफोलिएटर है और बंद पसीने की ग्रंथियों को ठीक करने में मदद कर सकता है। यह घमौरियों और उनके कारण होने वाली खुजली के साथ–साथ सूजी त्वचा से छुटकारा दिलाने में मदद कर सकता है। लाभ के लिए ओटमील स्नान करें और इसे प्रभावित हिस्से पर धीरे से रगड़ें। अच्छे परिणामों के लिए हफ्ते में ऐसा 3 बार करें।

**बेसन का लेप लगाएं**

बेसन त्वचा के लिए एक उत्तम क्लींजर है। यह रोमछिद्रों को बंद करने वाली गंदगी को साफ करने में मदद करता है और मृत त्वचा कोशिकाओं को एक्सफोलिएट करता है। यह घमौरियों की खुजली और चुभन से राहत दिलाने में मदद कर सकता है। लाभ के लिए प्रभावित हिस्से पर बेसन को पानी में मिलाकर लगाएं। 15 मिनट के बाद त्वचा को ठंडे पानी से धो लें। बेदाग औप चमकदार त्वचा के लिए बेसन के ये फेस पैक लगाएं।

**मुल्तानी मिट्टी भी है प्रभावी**

मुल्तानी मिट्टी बच्चों के साथ–साथ वयस्कों में घमौरियों को शांत करने में मदद करती है क्योंकि इसमें एनाल्जेसिक और एंटी–इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। लाभ के लिए मुल्तानी मिट्टी का गुलाब जल के साथ पेस्ट बनाएं और इसे प्रभावित हिस्से पर लगाएं। इसे 15 मिनट तक लगा रहने दें, फिर त्वचा को ठंडे पानी से अच्छी तरह धो लें। प्रभावी परिणामों के लिए इस पेस्ट को रोजाना लगाएं।

**तुलसी से मिलेगी राहत**

तुलसी घमौरियों की चुभन, लालिमा और सूजन को कम करने वाले एंटी–इंफ्लेमेटरी गुण प्रदर्शित करती है।

लाभ के लिए तुलसी के कुछ पत्तों को पीसकर इसे शहद के साथ मिलाएं और घमौरियों पर लगाएं। इसके अतिरिक्त आप आलू के इस्तेमाल से भी घमौरियों से राहत पा सकते हैं। लाभ के लिए घमौरियों से प्रभावित हिस्से पर आलू का रस लगाएं, फिर 10–15 मिनट के बाद त्वचा को ठंडे पानी से धो लें।

# मन को मन से जोड़ती आवाज मन की बात

**हितानंद शर्मा**

संवाद कौशल में निपुणता अर्थात कब क्या कैसे किस बात को सीधे व्यक्ति के मन से जोडकर रखा जाये, ऐसी असाधारण प्रतिभा के धनी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी जब भी कोई विषय रखते हैं तो वह सीधे जन मानस के साथ संवाद– संबंध जुड जाता है। अद्भुत वक्तव्य कला के धनी होने के साथ– साथ व्यवहारिक पक्ष के आग्रही मोदी जी जब किसी विषय का प्रतिपादन राष्ट्रीय अथवा अंतरराष्ट्रीय मंचों पर करते हैं तो सामान्य जन भी उसको स्वंय का विषय मानकर आत्मीयता के साथ स्वीकार कर लेता है।

जितनी आत्मीयता व अपनत्व के साथ वह बोलते हैं, जिस कार्यपद्धति व निष्ठा के लिये वह जाने जाते हैं और गत आठ वर्षों से नागरिकों के साथ जो विश्वास आधारित संवाद के जो सीधे संबंध बनाए हैं, वे सभी गुण जन संचारक के रूप में उन्हें स्थापित करते हैं। मोदी जी के समावेशी व दूरदर्शी द्दष्टिकोण को सम्पूर्ण भारतवर्ष में अभूतपूर्व स्वीकार्यता मिली है। यह प्रधानमंत्री जी का सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास रूपी माडल ही है जिससे वह दुनिया के जनप्रिय नेता बन गये हैं।

मन की बात के रूप में सतत संवाद कर एक नवाचार के जरिए मोदी जी ने रेडियो के माध्यम से लोगों के घरों में ही नही, मनों में जगह बना ली है। मोबाइल, सोशल मीडिया, इंस्ट्राग्राम, ट्विटर की दुनिया में दखल रखते हुये भी उससे पृथक जाकर रेडियों जैसे मृतप्राय हो रहे संचार माध्यम को न केवल जीवंत किया अपितु उसमें भी अभिनव प्रयोगो का समावेश कर नव कीर्तिमान रचे हैं।

अक्टूबर 2014 में आरंभ किये गये मन की बात कार्यक्रम को जब प्रत्येक माह के अंतिम रविवार के प्रातः 11 बजे का समय तय किया गया तो विरोधियों ने अनेक प्रकार से नकारात्मक बातें कहते हुये हास्य का विषय बताया । किंतु शनै शनै यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री जी की मन की बात से सामान्य समाज की जन की बात बनता चला गया ।आगामी 30 अप्रेल को 100 वा एपीसोड पूर्ण कर विरोधियों की अनेक




भ्रांतियों और भ्रम का शमन कर रहा है।

एक राजनीतिक दल के नेता के साथ झ साथ सरकार के प्रतिनिधि होने के बाद भी मन की बात में किसी भी राजनैतिक विषय को स्पर्श किये बिना सतत संवाद एक संगठन की सतत साधना से गढे गये साधक की प्रतिमा को स्थापित करता है।

स्वच्छता, शिक्षा,संस्कार और भारत के प्रत्येक भाग से जीवंत उदाहरणों का उल्लेख कर बड़ी बड़ी बातों को भी सहज सरल भाषा में जब वह समझाते हैं तो किसी भारतीय को अपने अभिभावक के रूप में, किसी युवा को अपने साथी के रूप में तो किसी छात्र को अपने शिक्षक के रुप में सुनाई पढते हैं।

मन की बात जब हम सुनते हैं तो हमें मोदी जी के दो व्यक्तित्व दिखाई देते हैं झ एक और द्दढ, शक्तिशाली और उद्देश्यपूर्ण प्रधानमंत्री मोदी तो दूसरी और नम्र, दयालु और नेक पिता तुल्य अभिभावक। यदि हम आंख बंद करके 'मन की बातइ सुनते हैं, तो हमारे मन में द्दश्य उभरता है कि मोदी जी गांव की चौपाल पर बैठे हैं, लोगों से बातचीत कर रहे हैं, उनकी बातें सुन रहे हैं, उनके साथ संवाद कर रहे हैं, जहां आवश्यकता है वहां ज्ञान भरी सलाह दे रहे हैं या किसी अनुकरणीय कार्य के लिए किसी की प्रशंसा कर रहे हैं। कुछ समय पहले ही उन्होंने दुर्घटना पीड़ितों के परिवारों के साथ अपनी बातचीत साझा की, जिन्होंने बहादुरी से अपने प्रियजनों के अंग दान करने के फैसले किए थे। मोदी जी ने उस बातचीत का उपयोग अंगदान के नेक विचार को बढ़ावा देने के लिए किया।

पत्राचार की पुरानी परंपरा को बढ़ावा देते हुये पत्रों की बात को अपने संवाद में सम्मिलित करके न केवल पोष्टकार्ड और अन्तर्देशीय पत्रों को पुनः व्यवहार में लाना आरंभ हो गया है। जब किसी बालिका या किसी युवा के पत्र का उद्धरण देते हुये प्रधानमंत्री जी अपनी बात रखते हैं तो वह न केवल उस एक व्यक्ति का मनोबल बढाते हैं अपितु उस एक पीढी के प्रेरणास्त्रोत बन जाते हैं।

ऐसे अनेक उदाहरण बताये जा सकते हैं जिनमें जलवायु की विपरीत परिस्थितियों से निपटने से लेकर स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़े सामान्य लोगों के अच्छे कार्यों के लिए उन्हें उदार मन से बधाई देना। मोदी जी की 'मन की बातइ अनिवार्य रूप से वास्तविक जीवन की कहानियों और अनुभवों के बारे में है। ऐसी कहानियां, जो वास्तविक भारत का दर्शन कराती हैं और इसी वजह से 'मन की बातइ का हर एपिसोड अत्यधिक लोकप्रिय होता है।

मन की बात का पहला एपिसोड 3 अक्तूबर, 2014 को प्रसारित किया गया था और यह 30 अप्रैल, 2023 को 100 एपिसोड पूर्ण करेगा। यह कार्यक्रम अपनी विषय वस्तु, इसकी डिजाइन, बातचीत और आम लोगों तथा समग्र रूप से समाज के साथ संवाद करने के अभिनव तरीकों के मामले में अद्वितीय है। 262 रेडियो स्टेशनों और 375 से अधिक निजी और सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के साथ विश्व के सबसे बड़े रेडियो नैटवर्क 'ऑल इंडिया रेडियोइ के माध्यम से, भारतीय प्रधानमंत्री सामाजिक–आर्थिक और सांस्कृतिक रूप से विभिन्नता वाली विशाल जनसंख्या तक पहुंचते हैं, उन्हें न केवल सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक मुद्दों पर, बल्कि जलवायु परिवर्तन, अपशिष्ट प्रबंधन, ऊर्जा संकट जैसी चुनौतीपूर्ण समस्याओं पर भी प्रेरित व सक्रिय करते हैं, जिनका सम्पूर्ण विश्व समाज आज सामना कर रहा है।

भारतीय लोक प्रसारक, प्रसार भारती मन की बात का अनुवाद और प्रसारण 52 भाषाओं/बोलियों में करता है, जिसमें 11 विदेशी भाषाएं शामिल हैं, जिससे देश के सबसे दूर–दराज क्षेत्रों से लेकर विदेशों में रहने वाले भारतीयों तक इसकी पहुंच सुनिश्चित हो सके। मन की बात भारत का पहला वर्चुअल रूप से समृद्ध रेडियो कार्यक्रम है, जिसे टी.वी. चैनलों द्वारा एक साथ प्रसारित किया जाता है।

दूरदर्शन नैटवर्क के 34 चैनल और 100 से अधिक निजी सैटेलाइट टी.वी. चैनल इस अभिनव कार्यक्रम को देश भर में प्रसारित करते हैं, जो संचार के इस पारंपरिक माध्यम के प्रति एक नई रुचि और जागरूकता पैदा करते हैं। इतने व्यापक प्रभाव के साथ, मन की बात को एक सामाजिक क्रांति के रूप में देखा जा सकता है। इस कार्यक्रम को जनभागीदारी से व जन लोकप्रियता से ठोस आधार प्राप्त होता है।

'मन की बातइ के 8 वर्षों के अपने 99 एपिसोड को सफल बनाने के क्रम में, न केवल महत्वपूर्ण विषयों के बारे में जनता में जागरूकता पैदा करने का प्रयास किया गया है, अपितु उन्हें सामाजिक और राष्ट्रीय हितों को लेकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी द्वारा दिए गए सामाजिक संदेश कुछ ही घंटों में सोशल मीडिया के ट्रेंड बन जाते हैं और कुछ ही सप्ताहों में एक जन आंदोलन बन जाते हैं।

स्वच्छ भारत अभियान हो या बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आंदोलन, कोविड टीकाकरण हो या हर घर तिरंगा इसके कुछ उत्कृष्ट उदाहरण हैं। हाल ही में 'मन की बातइ के 88वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला और नागरिकों से अपने अपने क्षेत्रों में अमृत सरोवर बनाने का आग्रह किया। 'मन की बातइ कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री ने सफलतापूर्वक कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों को हर स्तर पर लोगों तक पहुंचाने और इसके बारे में जागरूकता पैदा करने हेतु एक तंत्र स्थापित किया है।

हम सभी के लिये वास्तव में यह गर्व और गौरव का विषय है कि विश्व के सबसे श्रेष्ठ व सबसे व्यस्ततम प्रधानमंत्री जी निर्वाध रूप से सतत संवाद की एक अनुकरणीय परंपरा का पालन करते हुए मन की बात के द्वारा असंख्य मनों को मनों से जोडने़ की आवाज है बन गये हैं।

# उद्धव का महत्व बढ़ाएगी कांग्रेस

ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस पार्टी अपने सहयोगी उद्धव ठाकरे का महत्व बढ़ाएगी। सावरकर पर दिए राहुल गांधी के बयान के बाद से पार्टी की ओर से शिव सेना के उद्धव ठाकरे गुट के साथ नजदीकी बढ़ाने का प्रयास हो रहा है। बताया जा रहा है कि इसमें एनसीपी नेता शरद पवार ने भी भूमिका निभाई है। पिछले दिनों उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे ने एक कार्यक्रम में कहा था कि उनके दादा बाला साहेब ठाकरे का कांग्रेस से संबंध था और तालमेल था। उन्होंने यह भी कहा था कि शिव सेना ने राष्ट्रपति पद के लिए कांग्रेस के दो उम्मीदवारों– प्रतिभा पाटिल और प्रणब मुखर्जी का समर्थन किया था। उसके बाद से प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने भी राय बदली है और बताया जा रहा है कि वे भी शिव सेना के साथ तालमेल बनाए रखने के पक्ष में हैं।जानकार सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी अगले कुछ दिनों में मुंबई का दौरा करने वाले हैं, जहां वे उद्धव ठाकरे से मिलेंगे। बताया जा रहा है कि वे ठाकरे परिवार के आवास मातोश्री में जाकर मिलेंगे। अगर ऐसा होता है तो पहली बार नेहरू गांधी परिवार का कोई व्यक्ति मातोश्री जाएगा। ध्यान रहे भाजपा के नेता पहले मातोश्री जाते रहे हैं। बाल ठाकरे के समय तो दिल्ली से भी भाजपा के नेता मातोश्री जाते थे तो उनको नीचे बैठाया जाता था और बाल ठाकरे सिंहासननुमा कुर्सी पर बैठते थे। अब वह परंपरा तो बदल गई है लेकिन राहुल गांधी के मातोश्री जाने से उद्धव का महत्व बढ़ेगा और शिव सैनिक उनके साथ एकजुट होंगे। इस बीच यह भी खबर है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बृहन्नमुंबई महानगर निगम यानी बीएमसी के चुनाव में कम सीट लेकर भी शिव सेना से तालमेल करने को कहा है।

## फ्रंट कट–आउट ड्रेस में भूमि पेडनेकर ने फ्लॉन्ट किया परफेक्ट फिगर, हॉट तस्वीरों ने लगाई इंटरनेट पर आग

बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर अपने स्टनिंग फैशन स्टेटमेंट्स और ग्लैमरस लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर चर्चाओं का विषय बनी रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस की खूबसूरती भरा अंदाज देख कर फैंस एक बार फिर से उनके लुक्स पर अपना दिल हार गए हैं। एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने अपनी दमदार एक्टिंग के दम पर बॉलीवुड इंडस्ट्री में एक बड़ा मुकाम हासिल किया है। वो हर बार अपनी हर एक तस्वीरों में बेहद ही अलग अंदाज में नजर आती हैं। हालांकि उनका लुक भी सबसे हट कर होता है। हाल ही में भूमि पेडनेकर ने अपने लेटेस्ट स्टाइलिश आउटफिट पहनकर फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं।

## जम्मू–कश्मीर के हंदवाड़ा से आतंकी सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर , एजेंसी।** जम्मू–कश्मीर पुलिस ने सेना के साथ मिलकर उत्तरी कश्मीर के हंदवाड़ा से प्रतिबंधित संगठन जैश–ए–मोहम्मद (जेईएम) से जुड़े एक आतंकवादी सहयोगी को गिरफ्तार किया है। सुरक्षाबलों ने उसके कब्जे से आपत्तिजनक सामग्री और एक हथगोला बरामद किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक, हंदवाड़ा पुलिस और सेना की एक संयुक्त टीम गनई मोहल्ला पजलपोरा मागम में नियमित जांच कर रही थी। इस दौरान एक व्यक्ति ने संयुक्त दल से बचने का प्रयास किया, लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने चतुराई से उसे पकड़ लिया। पुलिस ने कहा, तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक हथगोला और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई। व्यक्ति की पहचान अमरगढ़ तरथपोरा निवासी खुर्शीद अहमद भट के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा, शुरुआती जांच से पता चला है कि भट प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन जैश–ए–मोहम्मद के लिए एक आतंकवादी सहयोगी के रूप में काम कर रहा था।

## मुंबई : चप्पल में छुपाकर रखा था 10 लाख का कोकीन, नाइजीरियाई समेत दो गिरफ्तार

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई कस्टम के अधिकारियों ने एक नाइजीरियाई नागरिक समेत दो लोगों के पास से 10 लाख रुपये का कोकीन बरामद किया है जिसे चप्पल में छिपाकर रखा गया था। कस्टम के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपी पहले भी कुछ मामलों में शामिल रहे हैं।

अधिकारी ने कहा, खुफिया सूचना के आधार पर एसआ-ईआईबी/कुरियर सेल और एपीएससी, मुंबई ने तीन जोड़ी चप्पलों में छिपाकर रखा गया 99 ग्राम कोकीन बरामद कर लिया जिसका मूल्य करीब 10 लाख रुपये है। आगे की कार्रवई में एक नाइजीरियाई नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने बताया कि यह स्पष्ट है कि आरोपी ने एनडीपीएस कानून की धारा 8 का उल्लंघन किया है और एनडीपीएस एक्ट की धारा 21, 23 और 29 के तहत दंडणीय अपराध किया है। उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में आगे जांच की जा रही है

## जम्मू–कश्मीर में सड़क हादसा, सेना के दो जवानों की मौत

**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू–कश्मीर के राजौरी जिले में एक सड़क दुर्घटना में सेना के दो जवानों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि राजौरी जिले के डुंगानोन नाला में चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया था, जिस कारण वाहन गहरी खाई में गिर गया। इस दुर्घटना में सेना के दो जवानों की मौत हो गई। इस हादसे में हवलदार सुधीर कुमार और परमवीर सिंह के रूप में पहचाने गए 2 सिपाही घायल हो गए।

अधिकारियों ने कहा कि दोनों को तत्काल राजौरी शहर के सैन्य अस्पताल में ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया।

## भाजपा ही पंजाब का भविष्य : राणा गुरमीत सोढी

**जालंधर (एजेंसी)।** जालंधर लोकसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी इंद्र इकबाल अटवाल के समर्थन में चुनाव प्रचार जोरों पर जारी है। दिग्गज नेता जनता के बीच जाकर भाजपा की जनहितैषी नीतियों का प्रचार–प्रसार कर रहे हैं। इसी कड़ी में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राणा गुरमीत सिंह सोढ़ी ने करतारपुर विधानसभा हलके के विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस दौरान राणा गुरमीत सिंह सोढ़ी ने भाजपा प्रत्याशी इंदर इकबाल सिंह अटवाल के लिए प्रचार किया।

# पहलवानों के धरने में शामिल हुए अरविंद केजरीवाल, सुबह प्रियंका गांधी भी पहुंची थीं

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** दिल्ली के जंतर–मंतर पर देश के शीर्ष पहलवानों का धरना–प्रदर्शन जारी है। बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक जैसे ओलंपिक पदक विजेता पहलवान इस प्रदर्शन की अगुआई कर रहे हैं। पहलवानों ने कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह पर यौन शोषण के आरोप लगाए हैं। उनकी शिकायत पर दिल्ली पुलिस एफआईआर दर्ज किया है, लेकिन पहलवान धरना खत्म करने के लिए तैयार नहीं हैं।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी पहलवानों के धरने में शामिल हुए हैं। उन्होंने सभी पहलवानों से मुलाकात की। इससे पहले प्रियंका गांधी भी इस धरने का हिस्सा बनी थीं। केजरीवाल ने धरने में कहा कि देश की पहलवान बहनों के साथ गलत हुआ है। उन्हें न्याय मिलना चाहिए। पूरा तंत्र आरोपी को बचाने में लगा हुआ है। गलत काम करने वाले को सख्त सजा मिलनी चाहिए।

सूत्रों के मुताबिक, हाक प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच के लिए गठित निगरानी समिति किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है और समिति की रिपोर्ट दिल्ली पुलिस को सौंप दी गई है।

पहलवानों के वकील नरेंद्र हुड्डा ने बताया– दिल्ली पुलिस ने आईपीसी की धारा 354, 354(ए), 354(डी) और 34 के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की है। अन्य एफआईआर की कॉपी हमें उपलब्ध नहीं कराई गई क्योंकि यह सिर्फ पीड़ति परिवार को दी जाएगी।

दिल्ली पुलिस पहलवानों को सुरक्षा मुहैया कराएगी। बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एक नाबालिग समेत कुल सात खिलाड़ियों ने दिल्ली पुलिस से शिकायत की है। पुलिस जल्द ही पीड़ितों के बयान दर्ज करेगी। पहलवानों का आरोप है कि बृजभूषण शरण सिंह ने देश ही नहीं विदेशों में भी अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं के दौरान महिला पहलवानों का यौन शोषण किया है।

दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर की एक कॉपी पहलवानों को दे दी है। यह एफआईआर महिला पहलवानों की शिकायत पर दर्ज की गई है। वहीं, नाबालिग लड़की की शिकायत पर दर्ज की गई एफआईआर की कॉपी पहलवानों को नहीं दी गई। वह सिर्फ पीड़िता के परिजनों को सौंपी जाएगी। इससे पहले प्रियंका गांधी ने पहलवानों से मिलने के बाद पूछा था कि एफआईआर की कॉपी किसी को क्यों नहीं दी जा रही है।

दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण सिंह के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज कर ली हैं। इसके बाद विनेश फोगाट सहित कई पहलवान दिल्ली के कनॉट प्लेस पुलिस स्टेशन पहुंचे।

बृजभूषण शरण सिंह ने अपने खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद अपनी बात कही है। उन्होंने न्यायपालिका और दिल्ली पुलिस पर पूरा भरोसा जताया है। साथ ही धरने के पीछे कांग्रेस का हाथ होने के आरोप लगाए हैं। बृजभूषण ने कहा एफआईआर करने की बात आई है। अभी एफआईआर की कॉपी मेरे पास नहीं है। लेकिन एफआईआर तो हो ही गई होगी। मुझे इसमें कुछ भी गलत प्रतीत नहीं होता। दिल्ली पुलिस पर मुझे पूरा भरोसा है। मुझे कोई शिकायत नहीं है। मैं पूरी तरह निदोष हूं। मैं इन आरोपों का सामना करने के लिए तैयार हूं। जांच एजेंसी जहां भी उचित समझेगी, मैं जांच में सहयोग के लिए तैयार हूं। मुझे पहले भी भरोसा था, आज भी भरोसा है। सुप्रीम कोर्ट से ऊपर कोई नहीं है। मुझे इस पर पूरा भरोसा है। मुझे और मेरे समर्थकों को न्याय मिलेगी। पिछले कई महीनों से मुझे गाली पर गाली और आरोपों पर आरोप झेलने पड़े हैं। इससे मेरे परिवार और मेरे समर्थकों को कष्ट होता है। शीघ्र ही इस मामल में न्याय हो।

उन्होंने आगे कहा "मुझे देश की न्याय प्रक्रिया पर भरोसा है। अगर इनके पुराने बयान सुनेंगे तो आपको पता चलेगा कि इन्होंने पद से इस्तीफा देने की मांग की थी। मेरा कार्यकाल पूरा हो चुका है। सरकार ने तीन लोगों की कमेटी गठित की है। 40–45 दिन में ही चुनाव होना है। मेरा कार्यकाल वैसे भी समाप्त हो जाएगा। लेकिन इस्तीफे की बात नहीं। मेरा इस्तीफा वैसे ही हो जाएगा, लेकिन अपराधी की तरह नहीं। इन्हीं के कहने पर जांच कमेटी बनी। इनके कहने पर ही उस व्यक्ति को भी जांच कमेटी में शामिल किया गया, जिस पर मेरी आपत्ति थी। इनको जब आभास हो गया कि जांच कमेटी में कोई भी आरोप सिद्ध नहीं हो रहे, तो इन्होंने कमेटी की रिपोर्ट का भी इंतजार नहीं किया और सीधे सुप्रीम कोर्ट चले गए। ये सुप्रीम कोर्ट में नया मामला लेकर गए हैं। जिन नाबालिगों को लेकर ये लोग गए हैं, वे जांच कमेटी के सामने पेश क्यों नहीं हुए हैं। ये चार–चार महिलाएं मेरे खिलाफ लोगों को भड़काएंगे, उकसाएंगे, और मेरे खिलाफ केस कर देंगे। चलिए मुझे इससे भी समस्या नहीं है। यह जांच एजेंसी का काम है।

बृजभूषण ने पहलवानों पर आरोप लगाते हुए कहा "इनकी मांग भी लगातार बढ़ती जा रही है। पहले एफआईआर की मांग की। फिर इस्तीफे की मांग की। जेल में डालने की मांग की है। तो ये लोकसभा सांसदी मुझे विनेश फोगाट की तरफ से नहीं मिला है। मुझे उनकी कृपा से कुश्ती संघ का अध्यक्ष पद नहीं मिला है। मुझे यह पद चुनाव लड़कर मिला है। 12 साल तक सिर्फ इनके साथ यौन उत्पीड़न होता है, बाकी खिलाड़ियों के साथ क्यों नहीं। हरियाणा का एक ही परिवार क्यों। एक अखाड़ा, एक फैमिली। हरियाणा, हिमाचल बाकी राज्यों के खिलाड़ी क्यों नहीं। क्यों– क्योंकि मैंने काम किया है।"

ये जो खिलाड़ी धरने पर बैठे हैं, मुझे क्यों बुलाते थे। इस पूरे मामले में एक उद्योगपति और कांग्रेस का हाथ है। मैंने उद्योगपति का नाम नहीं बोला है। कुछ उद्योगपतियों का हाथ है, जिन्हें मुझसे कष्ट है। आज दिखाई भी पड़ गया कि किसका हाथ है। जब इनकी मांग मान ली गई कि एफआईआर दर्ज करना है, तब यह इसको क्यों उठा रहे हैं। केजरीवाल को, सत्यपाल मलिक को, प्रियंका गांधी को बुलाने की जरूरत क्यों पड़ी? अरे कम से कम कांग्रेस वाले जांच रिपोर्ट का इंतजार कर लेते, तब जंतर–मंतर पहुंचते। ये खिलाड़ियों का धरना नहीं है, कुछ षड़ंयत्रकारी लोग हैं, जो मेरी पार्टी और मुझे नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। आप देख रहे हैं कि खिलाड़ियों के कहने पर ऐसे व्यक्ति को धरने में शामिल किया गया, जिसको शामिल नहीं होना था। क्योंकि उसी ने धरने की अनुमति दी थी। यह मामला सुप्रीम कोर्ट और दिल्ली पुलिस की निगरानी में है। जांच कमेटी लड़कियों से बात कर रही है। आयोग के सामने जो बच्चे पेश हुए हैं, उनमें वो बच्चा नहीं है, जिसने मेरे खिलाफ एफआ-ईआर की है।

ये कहते हैं कि मुझे कुश्ती को बचाना है। हमारे देश को एशिया जूनियर चैंपियनशिप अलॉट थी। वो इन्होंने चिट्ठी लिखकर कैंसल करवाया। महिलाओं का कैंप चल रहा था। उनकी ट्रेनिंग होनी थी। इनकी वजह से उन्हें जाना पड़ा। क्या ऐसे उन्होंने कुश्ती को बचाया।

प्रियंका ने पहलवानों से मिलने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, "मुझे पीएम से कोई उम्मीद नहीं है, क्योंकि अगर उन्हें उनकी (पहलवानों) की चिंता है, तो उन्होंने अभी तक उनसे बात क्यों नहीं की? देश उनके (खिलाड़ियों) साथ खड़ा है। मुझे गर्व है कि पहलवान ऐसी चीज के लिए खड़े हैं और आवाज उठा रहे हैं।"पहलवानों से मिलने के बाद प्रियंका गांधी ने कहा, "जो एफआईआर दर्ज कराई गई है, उसमें क्या है, इसकी जानकारी किसी को नहीं है। वे इसे क्यों नहीं दिखा रहे हैं? जब ये पहलवान पदक जीतते हैं तो हम सभी ट्वीट करते हैं और गर्व महसूस करते हैं लेकिन आज ये सड़क पर बैठे हैं और इन्हें न्याय नहीं मिल रहा है। ये सभी महिला पहलवान इस मुकाम तक आने के लिए काफी संघर्ष करती हैं और मैं यह नहीं समझ पा रही हूं कि सरकार उन्हें (बृजभूषण शरण सिंह) क्यों बचा रही है?"

भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने उनके खिलाफ पहलवानों के विरोध और दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर पर कहा, "मुझे अभी तक एफआ-ईआर कॉपी नहीं मिली है। एफआईआर कॉपी मिलने के बाद मैं बोलूंगा।"

प्रियंका के सामने धरने पर बैठीं महिला पहलवान रोने लगीं। प्रियंका ने उन्हें चुप कराने का प्रयास किया। इस दौरान कांग्रेस नेता दीपेंद्र हुड्डा ने पुरुष पहलवानों से बात की। फिर सभी एक जगह बैठ गए। प्रियंका ने महिला पहलवानों के बाद पुरुष खिलाड़ियों से भी मामले की पूरी जानकारी दी।

जंतर–मंतर पर धरने पर बैठे पहलवानों से कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मुलाकात की। उन्होंने धरने में खिलाड़ियों का साथ दिया। प्रियंका ने इस दौरान विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया से काफी देर तक बात की।



# सेबी ने अदाणी मामले की जांच पूरी करने के लिए और 6 महीने मांगे, सुप्रीम कोर्ट से की अपील

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाजार नियामक सेबी ने अदाणी के शेयर मूल्य में हेरफेर के आरोपों और नियामकीय खुलासे में किसी तरह की चूक की जांच पूरी करने के लिए छह महीने का समय बढ़ाने की मांग के लिए उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। शीर्ष अदालत ने दो मार्च को सेबी से दो महीने के भीतर मामले की जांच करने और भारतीय निवेशकों की सुरक्षा पर गौर करने के लिए एक समिति गठित करने को कहा था। अदालत के समक्ष दायर एक आवेदन में, सेबी ने कहा है कि कि "वित्तीय गलत बयानी, नियमों की अवहेलना और लेनदेन की धोखाधड़ी से संबंधित संभावित उल्लंघनों का पता लगाने के लिए इस अभ्यास को पूरा करने में छह महीने और लगेंगे।याचिका में कहा गया है, "जांच पूरी करने के लिए समय को छह महीने या ऐसी अन्य अवधि के लिए बढ़ाएं जो अदालत वर्तमान मामले के तथ्यों और परिस्थितियों में उचित और आवश्यक समझे। शीर्ष अदालत ने मौजूदा नियामकीय ढांचे के आकलन और प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए सिफारिशें करने के उद्देश्य से पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति एएम सप्रे की अध्यक्षता में छह सदस्यीय समिति गठित करने का निर्देश दिया था।"अदालत की ओर से नियुक्त न्यायमूर्ति सप्रे पैनल को केंद्र और सेबी अध्यक्ष सहित अन्य वैधानिक एजेंसियों की ओर से सहायता प्रदान की जानी है। शीर्ष अदालत ने 10 फरवरी को कहा था कि अदाणी समूह के शेयरों में गिरावट की पृष्ठभूमि में बाजार में उतार–चढ़ाव से भारतीय निवेशकों के हितों की रक्षा करने की जरूरत है। अदालत ने केंद्र से कहा था कि वे नियामकीय तंत्र को मजबूत करने के लिए एक पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में विशेषज्ञों का एक पैनल गठित करने पर विचार करे।

केंद्र ने नियामकीय व्यवस्थाओं पर गौर करने के लिए उच्चतम न्यायालय के एक पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने के शीर्ष अदालत के प्रस्ताव पर सहमति जताई थी। मुद्दे पर शीर्ष अदालत में वकील एमएल शर्मा और विशाल तिवारी, कांग्रेस नेता जया ठाकुर और सामाजिक कार्यकर्ता होने का दावा करने वाले मुकेश कुमार ने चार जनहित याचिकाएं दायर की हैं। हिंडनबर्ग रिसर्च की ओर से अदाणी समूह पर धोखाधड़ी वाले लेनदेन और शेयर–मूल्य में हेर-फेर सहित कई आरोप लगाए जाने के बाद कंपनी के शेयरों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई थी। हालांकि अदाणी समूह ने आरोपों को झूठा बताते हुए कहा है कि वह सभी कानूनों और नियामकीय प्रावधानों का पालन करता है।



## गाली देने वाले कांग्रेसी नेताओं को विधानसभा चुनाव में जनता सिखाएगी सबक : पीएम मोदी

**बेंगलुरु ,एजेंसी।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव 2023 के लिए पीएम नरेंद्र मोदी ने आज से धुआंधार प्रचार की शुरुआत की। पीएम मोदी अगले 2 दिन में कई रोड शो और जनसभाएं करेंगे। पीएम मोदी ने बीदर के हुमनाबाद में कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वालस है कि 10 मई को बड़ी संख्या में लोग मतदान कर विकास के अमृतकाल के लिए, कर्नाटक को देश का नंबर वन राज्य बनाने में मदद करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस नेताओं द्वारा दिए गए विवादित टिप्पणी का भी मुद्दा उठाया।पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस में उन्हें 91 बार गाली दी हैं। पहले कांग्रेस द्वारा कहा गया कि चौकीदार चोर है। फिर कहा गया कि मोदी चोर है। अब कांग्रेस नेताओं ने कर्नाटक के लिंगायत समुदाय को भी गाली दी है।

## ईडी ने बायजू के परिसरों पर मारा छापा, तलाशी के दौरान, विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल डेटा जब्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों के तहत बेंगलुरु में रवींद्रन बायजू और उनकी कंपनी 'थिंक एंड लर्न प्राइवेट लिमिटेडइ के तीन परिसरों में तलाशी और जब्ती अभियान चलाया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी बायजू के नाम से लोकप्रिय ऑनलाइन एजुकेशन पोर्टल चलाती है। तलाशी के दौरान, विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल डेटा जब्त किए गए।अधिकारी ने कहा, फेमा की खोजों से यह भी पता चला है कि कंपनी को 2011 और 2023 के बीच 28 हजार करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त हुआ। इसके अलावा, कंपनी ने विदेशी प्रत्यक्ष निवेश के नाम पर इसी अवधि के दौरान विभिन्न विदेशी संस्थाओं में 9754 करोड़ रुपये भी भेजे।

ईडी के मुताबिक, कंपनी ने विज्ञापन और मार्केटिंग खर्च के नाम पर करीब 944 करोड़ रुपये बुक किए हैं, इसमें विदेशी अधिकार क्षेत्र में भेजी गई राशि भी शामिल है। इसमें आरोप लगाया गया है कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2020–21 से अपने वित्तीय विवरण तैयार नहीं किए हैं और खातों का ऑडिट नहीं कराया है, जो अनिवार्य है। इसलिए, कंपनी द्वारा प्रदान किए गए आंकड़ों की वास्तविकता की बैंकों से जांच की जा रही है। विभिन्न व्यक्तियों से प्राप्त शिकायतों के आधार पर खिलाफ जांच शुरू की गई है। जांच एजेंसी द्वारा की गई जांच के दौरान, कई सम्मन जारी किए गए थे।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर यात्री की पालतू बिल्ली लापता, एयर इंडिया पर लापरवाही का आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** एयर इंडिया की एक यात्री ने दिल्ली हवाईअड्डे पर अपनी पालतू बिल्ली के लापता होने के बाद एयरलाइन स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाया है। यह घटना बुधवार को हुई और यात्री दिल्ली से इम्फाल जाने वाली फ्लाइट एआई 889 में सवार थी। सोनी एस. सोमर नाम के एक ट्विटर यूजर ने अपनी दोस्त की कहानी साझा करते हुए पालतू जानवरों के प्रति कथित दुर्व्यवहार के लिए कार्रवाई की मांग की।उन्होंने ट्वीट किया, एयरइंडियन स्टाफ की लापरवाही के कारण मेरी दोस्त की पालतू बिल्ली लापता है। यह दिल दहला देने वाली घटना है और आपकी लापरवाही अक्षम्य है। आपको अपने कार्यों की जिम्मेदारी लेनी चाहिए और चीजों को तुरंत ठीक करना चाहिए।यात्री जांगनेइचोंग करोंग ने एयर इंडिया को ईमेल में लिखा है कि उसे कहा गया था कि वह या तो अपनी उड़ान को रीशेड्यूल करे या अपनी पालतू बिल्लियों को केबिन में ले जाने के लिए बिजनेस क्लास में अपग्रेड करे।

## डब्ल्यूएफआई प्रमुख पर यौन शोषण का आरोप लगाने वाले पहलवानों को दिल्ली पुलिस मुहैया कराएगी सुरक्षा

**नई दिल्ली ।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन शोषण का आरोप लगाने वाले एक नाबालिग समेत सात पहलवानों को दिल्ली पुलिस सुरक्षा मुहैया कराएगी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, हम पहलवानों को सुरक्षा मुहैया कराएंगे और जल्द ही उनके बयान दर्ज कराएंगे। शनिवार को सिंह के खिलाफ दर्ज दो एफआईआर में से एक की कॉपी पहलवानों को सौंपी गई।

# लड़ाई खत्म होने तक बातचीत नहीं : सूडान अर्धसैनिक नेता

**खार्तूम , एजेंसी।** सूडान के अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के नेता जनरल मोहम्मद हमदान डागलो ने कहा कि हिंसा प्रभावित अफ्रीकी देश में दो युद्धरत गुटों में से एक ने कहा कि जब तक लड़ाई होगी, तब तक कोई बातचीत नहीं होगी। हेमेदती के नाम से मशहूर डागलो ने बीती रात कहा कि आरएसएफ के लड़ाकों पर लगातार बम बरसाए जा रहे हैं।

डगालो ने बताया, हम सूडान को तबाह नहीं करना चाहते हैं। उन्होंने सूडानी आर्म्ड (एसएएफ) के प्रमुख जनरल अब्देल फत्ताह अल–बुरहान को हिंसा के लिए ज़िम्मेदार ठहराया।

जनरल बुरहान दक्षिण सूडान में आमने–सामने बातचीत के लिए अस्थायी रूप से सहमत हो गए हैं।

आरएसएफ प्रमुख ने कहा कि वह बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन शर्त यह है कि संघर्षविराम लागू होना चाहिए। पहले लड़ाई बंद करो, उसके बाद हम बातचीत कर सकते हैं।

डगालो ने कहा कि उन्हें जनरल बुरहान से कोई व्यक्तिगत समस्या नहीं है, लेकिन उन्हें पूर्व राष्ट्रपति उमर अल–बशीर के प्रति वफादार लोगों को सरकार में लाने के लिए देशद्रोही माना, जिन्हें 2019 में बड़े पैमाने पर सड़क विरोध के बाद एसएएफ और आरएसएफ द्वारा एक साथ हटा दिया गया था।

दुर्भाग्य से बुरहान का नेतृत्व कट्टरपंथी इस्लामिक फ्रंट के नेता कर रहे हैं। 2021 में, उन्होंने और जनरल बुरहान ने तख्तापलट में पूर्ण नियंत्रण लेते हुए, नागरिकों के साथ सत्ता साझा करने के समझौते को पलट दिया। नागरिक शासन में प्रस्तावित वापसी को लेकर इस वर्ष दो सैन्य नेता अलग हो गए, विशेष रूप से डगालो की मजबूत आरएसएफ को सेना में शामिल करने की समय सीमा के बारे में। उन्होंने कहा, मैं कल से पहले एक पूरी तरह से असैन्य सरकार की उम्मीद कर रहा हूं. यह मेरा सिद्धांत है। उन्होंने यह भी कहा कि आरएसएफ के लड़ाके सैनिकों के दुश्मन नहीं हैं। हम आपसे नहीं लड़ेंगे। कृपया अपनी सेना के डिवीजनों में वापस जाएं।

# 'गुमनाम समाज–शिल्पियों से परिचय करवाता है प्रधानमंत्री का रेडियो कार्यक्रम

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार 76 फीसदी भारतीय मीडियाकर्मियों की राय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बातइ ने भारत का भारत से परिचय कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वहीं, 75 प्रतिशत लोगों का कहना है कि 'मन की बातइ एक ऐसे मंच के रूप में सामने आया है, जहां लोगों का ऐसे व्यक्तियों से परिचय कराया जाता है, जो जनसामान्य के जीवन में सार्थक बदलाव लाने के लिए निस्वार्थ भाव से काम कर रहे हैं।

आईआईएमसी के महानिदेशक प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी ने बताया कि संस्थान के आउटरीच विभाग द्वारा यह सर्वेक्षण 12 से 25 अप्रैल, 2023 के बीच किया गया। इस सर्वेक्षण में देशभर के 116 अकादमिक संस्थानों, विश्वविद्यालयों एवं मीडिया समूहों के कुल 890 पत्रकारों, मीडिया शिक्षकों, मीडिया शोधार्थियों और जनसंचार के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इनमें 326 महिलाएं एवं 564 पुरुष शामिल थे। सर्वे में शामिल होने वाले 66प्रतिशत लोग 18 से 25 वर्ष की उम्र के थे। सर्वेक्षण में शामिल लोगों के अनुसार 'देश की जानकारीइ और 'देश के प्रति प्रधानमंत्री का दृष्टिकोणइ, दो प्रमुख कारण हैं, जो दर्शकों को इस कार्यक्रम को सुनने के लिए प्रेरित करते हैं। अध्ययन के तहत लोगों से जब यह पूछा गया कि अगर कभी वे कार्यक्रम को लाइव नहीं सुन पाते हैं, तो फिर कैसे सुनते हैं, तो 63 प्रतिशत लोगों का कहना था कि अन्य माध्यमों की तुलना में वे यूट्यूब पर 'मन की बातइ सुनना ज्यादा पसंद करते हैं। वहीं, 76प्रतिशत लोगों के अनुसार 'मन की बातइ में विभिन्न मुद्दों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को सुनकर उन्हें ऐसा एहस-ास होता है कि वे भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदार हैं। प्रो. द्विवेदी के अनुसार सर्वेक्षण में यह भी समझने की कोशिश की गई कि प्रधानमंत्री द्वारा 'मन की बातइ में चर्चा किए गए किस मुद्दे ने लोगों के जीवन को सबसे ज्यादा प्रभावित किया। इसके जवाब में 40 प्रतिशत लोगों ने कहा की 'शिक्षाइ सबसे प्रभावशाली विषय है, जिसने उन्हें सोचने पर मजबूर किया, वहीं 26 प्रतिशत लोगों के अनुसार 'जमीनी स्तर पर काम करने वाले गुमनाम समाज–शिल्पियोंइ से संबंधित जानकारी उनके लिए काफ ी रोचक रही।

अध्ययन में यह भी जानने का प्रयास किया गया कि 'मन की बातइ में चर्चा किए गए विषयों के बारे में लोग किनसे ज्यादा बातचीत करते हैं।

## जम्मू में पीएमएवाई के तहत 336 फ्लैट का आवंटन जम्मू

**जम्मू कश्मीर।** । जम्मू कश्मीर आवास बोर्ड सुंजवान क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई)के तहत जम्मू में स्थायी या अस्थायी रूप से बसने वाले भारतीय नागरिकों को कुल 336 आवास आवंटित करेगा। आवास बोर्ड के सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुंजवान में किफायती किराये के आवास परिसर (एआरएचसी) के लिए भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जम्मू में रोजगार, शिक्षा और दीर्घकालिक पर्यटक यात्रा के लिए अस्थायी या स्थायी रूप से रहने वाले लोगों को पीएमएवाई मिशन के तहत कुल 336 फ्लैट आवंटित किए जाने हैं।

फिलहाल, इनमें से 96 फ्लैट आवंटन के लिए तैयार हैं।उन्होंने कहा कि यह योजना मध्यम और निम्न वर्ग के प्रवासी, पर्यटक, विद्यार्थी सहित अन्य पात्र श्रेणी में आने वालों के लिए हैं।

# अय्यर के चोटिल होने के बाद रहाणे को टीम मे लेना सही : रवि शास्त्री



नयी दिल्ली, पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि श्रेयस अय्यर के पीठ के निचले हिस्से में 'स्ट्रेस फ्रैक्चर' के कारण बाहर होने के बाद अजिंक्य रहाणे का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए भारतीय टीम में जगह बनाना तय था। डब्ल्यूटीसी का फाइनल सात से 11 जून तक लंदन के ओवल में खेला जाएगा। शास्त्री ने 2014 से 2021 के बीच सात में से छह वर्षों के लिए भारतीय टीम को कोचिंग दी है। उन्होंने उन लोगों पर कटाक्ष किया जिन्हें लगता है कि इंडियन प्रीमियर लीग में तीन बेहतरीन पारियां खेलने से रहाणे को भारतीय टीम के लिए चुना गया। शास्त्री ने कहा, '' ऐसे लोग शायद छुट्टी पर होंगे जब रहाणे ने घरेलू सत्र में 600 (रणजी ट्रॉफी) से अधिक रन बनाये।'' इस पूर्व हरफनमौला ने कहा, '' मुझे खुशी है कि उसने इस टीम में जगह बनायी। उसने आईपीएल में खेले गए इन दो–तीन मैचों में खूबसूरती से बल्लेबाजी की है, वह शानदार फॉर्म में दिख रहा है। उसके पास मौजूद अनुभव को नहीं भूलना चाहिए। जिस समय श्रेयस अय्यर चोटिल हुए थे, आपको उस दिशा में देखना था।'' रहाणे की अगुवाई में भारत ने 2021 में ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट श्रृंखला में जीत दर्ज की थी। इसे विदेशी सरजमीं पर भारतीय टीम की सबसे बड़ी जीत में से एक माना जाता है। शास्त्री ने कहा, '' यह बहुत बड़ा मैच है और आपको अपने अनुभवी खिलाड़ी की जरूरत होगी। यह मत भूलिए कि ढाई साल पहले, उस खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलिया में एक टेस्ट श्रृंखला में परचम लहराया है। टीम के नियमित कप्तान विराट कोहली के जाने (पितृत्व अवकाश पर) के बाद उन्होंने कमाल का काम किया। ''


शास्त्री ने रहाणे की वापसी को उनके प्रभावशाली घरेलू प्रदर्शन का इनाम बताया। उन्होंने कहा, ''लोगों को लगता है कि उसने सिर्फ तीन आईपीएल मैचों में अच्छा खेला इसलिए वह टीम में है। ऐसे लोग शायद छह महीने के लिए छुट्टी पर रहे होंगे जब वह प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेल रहा था। जब आप छुट्टी पर जाते है तो आप उन 600 रनों की जानकारी से चूक जाते है।'' शास्त्री ने इस मौके पर चयनकर्ताओं की बैठक में कोच को शामिल करने की मांग की। बीसीसीआई के संविधान में चयन बैठकों में कोच भाग नहीं ले सकता। इसमें केवल कप्तान ही भाग ले सकता है, लेकिन उसके पास भी मतदान का अधिकार नहीं होगा। अपने कार्यकाल के दौरान टीम चयन के बारे में पूछे जाने पर, शास्त्री ने कहा, '' मेरे पास चयन बैठकों में भाग लेने का कोई अनुभव नहीं है। सात साल तक मैं टीम का हिस्सा था, मैं कभी भी चयन बैठक में नहीं गया। मुझे भी आमंत्रित नहीं किया गया था। मुझे लगता है कि आने वाले समय में कोच को इस बैठक में आमंत्रित किया जाना चाहिये।

# दूसरी टीमों के शीर्षक्रम के कई खिलाड़ी पृथ्वी से बेहतर बल्लेबाजी कर रहे हैं : पोंटिंग



नई दिल्ली, । इस आईपीएल में साव ने छह मैचों में 47 रन बनाये हैं। पोंटिंग ने कहा ,'' फॉर्म में होने पर पृथ्वी मैच विनर है। यही वजह है कि उसे टीम में बरकरार रखा गया था क्योंकि अगर वह टिक गया तो हम मैच जीत सकते हैं।'' उन्होंने कहा ,'' इस सत्र में हालांकि वह अच्छा नहीं खेल सका। छह मैचों में करीब 40 रन बनाये है जिससे हमारा काम नहीं चलने वाला। उसे बाहर रखने का फैसला कठिन था लेकिन उम्मीद है कि हमने जो टीम चुनी है, वह कल का मैच जीतेगी।'' उन्होंने कहा ,'' इस साल जब वह आया तो कुछ सप्ताह एनसीए में बिताकर आया था। उसने फि टनेस पर काफ ी मेहनत की है और नेट पर उसकी मेहनत को देखकर मुझे लगता था कि यह साल उसके लिये बड़ा होगा लेकिन अभी तक ऐसा हुआ नहीं।'' दूसरी ओर सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान एडेन मार्कराम को उम्मीद है कि आने वाले मैचों में अंतिम एकादश में ज्यादा बदलाव नहीं होगा। टीम के खराब प्रदर्शन के कारण उसमें बार बार बदलाव देखने को मिले हैं। मार्कराम ने कहा ,'' ज्यादा बदलाव से निरंतरता नहीं बन पाती द। मेरा मानना है कि निरंतरता रखने से ही नतीजे मिलते हैं। उम्मीद है कि अब बल्लेबाजी में निरंतरता बनी रहेगी।

# विजय शंकर ही नहीं, बल्कि डेविड मिलर को भी दिया जीत का श्रेय



नई दिल्ली, हार्दिक पांड्या की नेतृत्व वाली गुजरात टाइटंस ने अपनी मजबूत बल्लेबाजी के दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स को उनके ही होम ग्राउंड ईडन गार्डेंस में 7 विकेट से मात दी। इस जीत के साथ ही गुजरात टाइटंस ने सीजन की छठी जीत हासिल की।

मैच में शुभमन गिल एक बार फिर चमके, डेविड मिलर भी पिछले मैच की तरह लय में दिखे और टीम इंडिया में वापसी का प्रयास कर रहे विजय शंकर ने भी इस मैच में बल्ले से तहलका मचाया और गुजरात टीम को जीत दिलाई। मैच में जीत हासिल करने के बाद हार्दिक पांड्या काफी खुश दिखे और उन्होंने पोस्ट मैच प्रेजेंटेश के दौरान क्या कहा आइए जानते हैं?

दरअसल, गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था, जोकि बिल्कुल सही साबित हुआ। कोलकाता की ओर से दिए गए 180 रनों के लक्ष्य को गुजरात टीम ने 13 गेंद शेष रहते मात्र तीन विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया और कोलकाता से अपने होम ग्राउंड में मिली अविश्वसनीय हार का बदला भी लिया।

### 19 साल का खिलाड़ी बना केकेआर की हार का सबसे बड़ा विलेन

नई दिल्ली, ईडन गार्डन्स में गुजरात टाइटंस ने आईपीएल 2023 के 39वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को 7 विकेट से मात दी और सीजन का छठा मैच जीत लिया। इस मैच में गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था, जो कि बिल्कुल सही साबित हुआ।

मैच में केकेआर टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात टीम को जीत के लिए 180 रन का लक्ष्य दिया था। इसके जवाब में गुजरात टाइटंस ने विजय शंकर (श्ट्नै८ रैंल्ठ१) की विस्फोटकीय अर्धशतकीय और डेविड मिलर की अहम पारी के चलते 17.5 ओवर में हासिल कर लिया और 7 विकेट से जीत दर्ज की।इस मैच में केकेआर टीम पारी के 17वें ओवर तक मैच में बनी हुई थी, लेकिन 17 ओवर के बाद विजय शंकर और डेविड मिलर ने मैच का रुख बदल दिया,

# भुवी की स्विंग के आगे बेबस हुए दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान डेविड वॉर्नर

नई दिल्ली, दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल 2023 के 40वें मैच में शनिवार (29 अप्रैल) को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ रही है। हैदराबाद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है।


पहले बल्लेबाजी करते हुए हैदराबाद ने 197 रन बनाए। इस पारी में सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने 36 गेंदों पर 67 रन की शानदार पारी खेली। वहीं, हेनरिक क्लासेन ने 27 गेंदों पर शानदार 53 रन की पारी खेली। दोनों बल्लेबाजों की शानदार बल्लेबाजी के बदौलत हैदराबाद ने 20 ओवर में 6 विकेट गंवाकर 197 रन बनाए।



भुवी ने वॉर्नर को किया बोल्ड इस लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की शुरुआती बल्लेबाजी बेहद खराब रही। पहले ओवर में भुवनेश्वर कुमार ने डेविड वॉर्नर को बोल्ड कर दिया। वो बिना खाता खोले आउट गए।

## फिल्मी सफर

# पोन्नियन सेल्वन–2 में उदासीन नजर आ रहे दर्शक, एडवांस बुकिंग धीमी



गत वर्ष 30 सितम्बर को प्रदर्शित हुई चोल साम्राज्य के इतिहास पर आधारित निर्देशक मणिरत्नम की पोन्नियन सेल्वन का दूसरा भाग कल सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने जा रहा है। तमिल, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम के साथ–साथ हिन्दी भाषा में प्रदर्शित होने जा रही इस फिल्म को लेकर बॉक्स ऑफिस पर मिश्रित प्रतिक्रिया नजर आ रही है। इस फिल्म की एडवांस बुकिंग के समाचारों के अनुसार पिछले दो दिनों अर्थात् 24 अप्रैल से लेकर 26 अप्रैल तक देश भर में इसके 50 हजार टिकट बिक चुके हैं। दक्षिण भारतीय दर्शकों में इस फिल्म को लेकर एक उफान नजर आ रहा है, वहीं उत्तर भारतीय दर्शक इसके प्रति पूरी तरह से उदासीन नजर आ रहे हैं।

पोन्नियन सेल्वन–2 की एडवांस बुकिंग जैसे ही ओपन हुई, वैसे ही दक्षिण भारत में इसकी टिकट धड़ाधड़ बिकी। टिकट विंडो पर पहुंचकर लोग लगातार इस शो के शनिवार और रविवार की टिकट खरीद रहे हैं। 24 अप्रैल से 26 अप्रैल, दो दिनों में मणि रत्नम की फिल्म की 50 हजार से अधिक टिकट बिक चुकी हैं और लगातार लोग अपने वीकेंड का प्लान इस फिल्म के साथ कर रहे हैं। 26 अप्रैल तक इस फिल्म ने 2 करोड़ की कमाई एडवांस के जरिये करने में सफलता प्राप्त कर ली है।राजस्थान की राजधानी जयपुर के जेटीएम मॉल में संचालित आइनॉक्स सिनेमाघर के प्रबन्धक कुलविंदर सिंह का कहना था कि हमारे सिनेमाघर में इस फिल्म के प्रति दर्शकों की कोई रुचि अभी तक नजर नहीं आई है। शुक्रवार मार्निंग शो के ऑनलाइन पर सिर्फ 3 टिकट बुक हुई हैं, शेष शो की कोई टिकट ऑनलाइन बुक नहीं हुई है। यही हाल ऑफलाइन बुकिंग का है। समाचार लिखे जाने तक इस सिनेमाघर में पोन्नियन सेल्वन–2 के किसी भी शो की कोई एडवांस नहीं हुई है। यहाँ पर टिकट की कीमत 170 रुपये से लेकर 320 रुपये तक रखी गई है। जयपुर के गोलछा सिनेमा के सुधीर पुरी का कहना था कि उनके यहाँ पर भी पोन्नियन सेल्वन–2 को लेकर दर्शक उदासीन हैं। गोलछा सिनेमा में पोन्नियन सेल्वन के अभी तक मात्र 10 टिकट एडवांस में बुक हुए हैं।

### टीवी मेरा पहला प्यार, लेकिन मैं ओटीटी को एक्सप्लोर करना चाहती हूं रूही चतुर्वेदी

'कुंडली भाग्य' की एक्ट्रेस रूही चतुर्वेदी टीवी का जाना–पहचाना चेहरा हैं, लेकिन उनका मानना है कि ओटीटी प्लेटफॉर्म अभिनेताओं को अपनी प्रतिभा दिखाने और व्यापक दर्शकों तक पहुंचने के विभिन्न अवसर प्रदान करते हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि उनका पहला प्यार हमेशा टीवी रहेगा।

एक्ट्रेस ने ओटीटी को एक्सप्लोर करने के बारे में बोलते हुए कहा, ओटीटी प्लेटफार्म ने अभिनेताओं के लिए नए रास्ते खोले हैं। इन प्लेटफार्मों पर कई कंटेंट उपलब्ध है और सभी के लिए कुछ न कुछ है। एक एक्टर के रूप में, मैं अलग–अलग जोनर में काम करने और नई भूमिकाओं के साथ प्रयोग करने को लेकर उत्साहित हूं।

उन्होंने कहा, टीवी हमेशा मेरा पहला प्यार रहेगा, लेकिन मैं इस तथ्य से इनकार नहीं कर सकती कि एक एक्टर के रूप में, अपनी प्रतिभा को व्यापक बनाना और खुद को कुछ भूमिकाओं तक सीमित नहीं रखना महत्वपूर्ण है।

# श्वेता तिवारी ने मैं हूं अपराजिता' में 200 एपिसोड पूरे किए

मैं हूं अपराजिता' की अभिनेत्री श्वेता तिवारी ने शो में अपराजिता के रूप में अपने सफर को याद किया, जिसने हाल ही में 200 एपिसोड पूरे किए हैं। उन्होंने अपने सह–अभिनेता मानव गोहिल और पारिवारिक नाटक के पूरे कलाकारों के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा किया। यह शो श्वेता के चरित्र अपराजिता के इर्द–गिर्द घूमता है, जो तीन बेटियों की मां है, जिसे अनुष्का मर्क डे, ध्वनि गोरी और श्रुति चौधरी ने निभाया है और पति के लिए पत्नी होने का उनका संघर्ष, पति का किरदार मानव गोहिल द्वारा निभाया गया है, जो एक अन्य महिला के प्यार में है, जिसे श्वेता गुलाटी ने निभाया है।

अपना आभार व्यक्त करते हुए, श्वेता ने कहाः वास्तव में, जबकि हम सभी 200 एपिसोड पूरे करके खुश हैं, हमें यह भी लगता है कि अभी कई अध्याय लिखे जाने बाकी



हैं। अपराजिता की भूमिका निभाना मेरे लिए एक अविश्वसनीय अवसर रहा है और मैं आभारी हूं मुझे ऐसी प्रतिभाशाली और सहायक टीम के साथ काम करने का मौका मिला, जिसने मुझे इस जटिल चरित्र को जीवंत करने में मदद की है। इसके पीछे विचार यह है कि अपने दर्शकों को एक सम्मोहक कहानी और पात्रों के साथ मनोरंजन और संलग्न किया जाए, जिन्हें वह प्यार करने लगे हैं।मानव ने यह भी याद किया कि कैसे उन्होंने शो की शूटिंग शुरू की और कहा कि दर्शकों की सराहना और प्यार के कारण शो ने 200 एपिसोड पूरे कर लिए हैं। उन्होंने कहा– ऐसा लगता है जैसे कल ही हमने शो की शूटिंग शुरू की थी,

# जब महेश भट्ट ने मौसमी की प्रेग्नेंसी को लेकर कही थी यह बात, एक्ट्रेस ने दिया करारा जवाब



बॉलीवुड एक्ट्रेस मौसमी चटर्जी की गिनती बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्रियों की लिस्ट में होती है। अपने फिल्मी करियर के दौरान एक्ट्रेस ने कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। मौसमी अपनी बेहतरीन एक्टिंग, खूबसूरती और बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं।

एक्ट्रेस ने एक बार अवॉर्ड शो के दौरान फिल्म मेकर महेश भट्ट की बोलती बंद कर दी थी।इस बात का खुलासा एक्ट्रेस ने हाल ही में एक मीडिया संस्थान को दिए गए इंटरव्यू में किया है। मौसमी ने कहा कि एक बार महेश भट्ट ने उनसे कहा था कि जब तुम्हारा करियर आगे बढ़ रहा होता है,तब तुम प्रेग्नेंट हो जाती हो, जो तुम्हारे करियर में रुकावट बनती है। इस पर एक्ट्रेस ने उन्हें मुहंतोड़ जवाब दिया था। मौसमी ने महेश भट्ट के इस कमेंट पर कहा था कि ये सब मेरी जिंदगी में रंग भर रहे हैं, बाधा नहीं हैं। इंटरव्यू के दौरान एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने प्रेग्नेंसी को लेकर भी कोई प्रेशर महसूस नहीं किया। उन्हें ऐसा कभी नहीं लगा कि उनका करियर खत्म हो जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि मेरे लिए स्टार वैल्यू या स्टारडम इतना मायने नहीं रखता था। उन्होंने इस बात का भी खुलासा किया कि, जब अभिनेत्री रोटी कपड़ा और मकान के दौरान प्रेग्नेंट हो गई थीं।

# अमिताभ बच्चन की सेक्शन 84 से जुड़ीं निमरत कौर

रिलायंस एंटरटेनमेंट और फिल्म निर्माता रिभु दासगुप्ता की अपकमिंग फिल्म कोर्टरूम ड्रामा थ्रिलर सेक्शन 84 अपने एलान के समय से ही सुर्खियों में है। जियो स्टूडियोज के सहयोग से बन रही इस मूवी में अमिताभ बच्चन लीड रोल में नजर आने वाले हैं। वहीं, अब इस फिल्म से पावरहाउस एक्ट्रेस निम्रत कौर का नाम भी जुड़ गया है। सेक्शन 84 में काम करने के लिए निम्रत कौर बेहद एक्साइटेड हैं और लेटेस्ट इंटरव्यू में अपनी खुशी जाहिर करती नजर आई हैं। निम्रत कौर ने एक मीडिया संस्थान से बात करते हुए कहा है, श्री अमिताभ बच्चन के साथ पर्दे पर अमर होने के अतुलनीय विशेषाधिकार के साथ मेरे जीवन के सबसे चुनौतीपूर्ण रचनात्मक कारनामों में से एक की शुरुआत। इस अविश्वसनीय और दिलचस्प अवसर के लिए रिभु दासगुप्ता की आभारी हूं।

सेक्शन 84 में हैं ये सितारे



गौरतलब हो कि कोर्ट रूम ड्रामा थ्रिलर सेक्शन 84 रिभु दासगुप्ता के जरिए लिखित और निर्देशित है। इसमें निम्रत कौर और अमिताभ बच्चन के अलावा डायना पेंटी और अभिषेक बनर्जी जैसे सितारे भी नजर आने वाले हैं। निम्रत कौर जिन्हें द लंचबॉक्स और एयरलिफ्ट फिल्मों में अभिनय के लिए जाना जाता है ने कहा कि वह अमिताभ बच्चन और दासगुप्ता के साथ सहयोग करने के लिए बेहद उत्साहित हैं।

**निम्रत कौर का वर्क फ्रंट**

बता दें कि फिल्म सेक्शन 84 अमिताभ बच्चन और रिभु दासगुप्ता के बीच तीसरा सहयोग है। आगामी फिल्म रिलायंस एंटरटेनमेंट के जरिए जियो स्टूडियोज के सहयोग से प्रस्तुत की जा रही है और रिलायंस एंटरटेनमेंट और फिल्म हैंगर द्वारा निर्मित है। गौरतलब हो कि निम्रत कौर को हाल ही में अभिषेक बच्चन के साथ फिल्म दसवीं में देखा गया था। निम्रत को जल्द ही सोशल थ्रिलर फिल्म हैप्पी टीचर्स डे में भी देखा जाएगा। वहीं, अमिताभ बच्चन के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह जल्द ही फिल्म प्रोजेक्ट के में नजर आएंगे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com